RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 163 • 04:10:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

# देशभक्त लोग कांग्रेस की विभाजनकारी व नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे : पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर विश्वास जताया और कहा कि राज्य के देशभक्त लोग कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार खत्म होने से कुछ समय पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि अब से कुछ देर में हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। बीते कुछ दिनों में मैंने पूरे राज्य की यात्रा की है। मैंने लोगों का जो उत्साह देखा है, उसे देखकर मुझे ये पक्का विश्वास है कि हरियाणा के लोग भाजपा को फिर अपना आशीर्वाद देने वाले हैं। हरियाणा के देशभक्त लोग, कांग्रेस की विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने आरक्षण खत्म करने का बयान देकर अपने इरादे जता दिए हैं। हरियाणा का पिछड़ा और दलित समुदाय जातिगत हिंसा रोकने में विफल रहने पर पहले से ही कांग्रेस से नाराज चल रहा है। इसलिए लोगों ने कांग्रेस को फिर कड़ी सजा देने का मन बना लिया है। हरियाणा के गली-गली से एक ही आवाज आ रही है- भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया की नजरें भारत पर हैं। दुनिया, भारत की ओर बहुत आशा और उम्मीद से देख रही है। ऐसे में यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि हरियाणा के लोग एक ऐसी सरकार चुनें जो भारत को मजबूती देने की दिशा में प्रयास करें। कांग्रेस कभी देश को मजबूत नहीं बना सकती। इसलिए में हरियाणा के अपने मतदाताओं से ये आग्रह करता हूं कि वे फिर से भाजपा को अपना आशीर्वाद जरूर दें।

### पीएम मोदी ने नवरात्रि पर्व की दी बधाई कहा-शक्ति वंदना शुभकारी सिद्ध हो

**नई दिल्ली**। गुरुवार से शुरु हुए नवरात्रि पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होनें कामना करते हुए कहा कि शक्ति-वंदना को समर्पित यह पावन पर्व हर किसी के लिए शुभकारी सिद्ध हो। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देवी शैलपुत्री की आराधना के साथ नवरात्रि का आरंभ हो रहा है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री से करबद्ध प्रार्थना! उनकी कृपा से हर किसी का कल्याण हो। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही मां शैलपुत्री को समर्पित एक गीत का वीडियो भी साझा किया।पीएम ने कहा कि समस्त देशवासियों को नवरात्रि की असीम शुभकामनाएं। शक्ति-वंदना को समर्पित यह पावन पर्व हर किसी के लिए शुभकारी सिद्ध हो, यही कामना है। जय माता दी। इस बार नवरात्र तीन से लेकर 11 अक्टूबर तक है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की नौ दिन अलग-अलग पूजा होती है। नवरात्रि पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। इसके बाद दशहरे का त्योहार आता है।

## चीन से आने वाले सामान पर पैनी नजर रखेगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली**। मोदी सरकार ने चीन से आने वाले सामानों पर पैनी नजर रखने की तैयारी कर ली है। हाल ही में इजरायल द्वारा हिज्बुल्लाह के खिलाफ की गई कार्रवाई से मिली सीख के बाद, मोदी सरकार ने स्मार्ट मीटर, पार्किंग सेंसर, ड्रोन के पुर्जे, और लैपटॉप-डेस्कटॉप जैसे सामानों की जांच कराने का निर्णय लिया है। मोदी सरकार के इस कदम का उद्देश्य उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है जो इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का हिस्सा हैं। ऐसी आशंका है कि उत्तर सीमा पार की कंपनियों और एजेंसियों को इन उपकरणों के माध्यम से संवेदनशील डेटा मिल सकता है। इसलिए, निगरानी कैमरों की सुरक्षा में खामियों का पता चलने के बाद मोदी सरकार ने कैमरों की जांच को अनिवार्य किया है। इसके लिए आवश्यक सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए निर्धारित लैब से जांच कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, सिस्टम ऑन ए चिप (एसओसी), जो कि एक इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) होता है, भी जांच के दायरे में रखा गया है। इतना ही नहीं मोदी सरकार का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों के लिए एक विश्वसनीय सप्लाई चेन स्थापित करना है, ताकि विदेशी कंपनियों को कोई लाभ न मिल सके, खासकर जब हमारे आस-पास शत्रुतापूर्ण माहौल हो। इसके पहले मोदी सरकार ने टैरिफ बढ़ाकर चीन से आयात को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन अब तकनीकी मानकों पर ध्यान देने की योजना बनाई है। चीनी कंपनियों द्वारा सस्ते उपकरण बनाने के कारण, ऊंचे टैरिफ की दीवारें भी बाजार में उनकी मौजूदगी को सीमित नहीं कर पा रही हैं। पिछले साल पीसी और लैपटॉप उद्योग ने आयात पर सरकारी नियंत्रण का विरोध हुआ था, यह आरोप लगाते हुए कि इससे आपूर्ति में कमी और कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे उपभोक्ताओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

## भीषण जंग की आहटः नेतन्याहू के प्लान पर अमेरिका ने कहा- हम समर्थन नहीं करेंगे

एजेंसी। वाशिंगटन



ईरान के तेल और परमाणु संयंत्रों पर भी इजरायल हमला कर सकता है। इजरायली अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई में ईरान का बुनियादी ढांचा निशाने पर होगा। इजरायल ईरान के पावर प्लांट और तेल संयंत्रों को निशाना बना वहां की अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली अधिकारियों ने बताया कि इजरायल ईरान के बड़े मिसाइल हमले का कुछ ही दिनों में करारा जवाब देगा। इजरायल ईरान के अंदर तेल उत्पादन सुविधाओं और अन्य रणनीतिक स्थलों को निशाना बना सकता है। ईरान ने कहा कि अगर इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की तो उसका भी जवाब दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में इजरायल ईरान के परमाणु सुविधाओं पर हमला कर सकता है। वहीं सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इस बार इजरायल ईरान पर बड़ा जवाबी हमला कर सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान ने भी पलटवार की बात कही है। अगर ऐसा होता है तो युद्ध का बड़े पैमाने पर फैलना निश्चित है। इजरायल अपने उन्नत लड़ाकू विमानों से ईरान पर हमला कर सकता है। इसके अलावा खुफिया एजेंसी मोसाद हमास नेता इस्माइल हानिया के तर्ज पर कोई बड़ा ऑपरेशन भी कर सकती है। इजरायली अधिकारी का कहना है कि, हमारे सामने यह बड़ा सवाल है कि ईरान पर हमले किस तरह से किया जाए, लेकिन हम इस संभावना को भी ध्यान में रखते हैं कि पूरी ताकत से हमला करेंगे। इजरायल के सभी मंत्रियों ने कहा कि हमला ऐसा हो कि ईरान अपने हमले पर खेद जताए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव में आईडीएफ मुख्यालय में इजरायल के सुरक्षा प्रमुखों के साथ एक बड़ी बैठक की। बैठक में ईरान को कैसे जवाब दिया जाए... इस पर चर्चा हुई।यरुशलम में बुधवार को एक बंकर में इजरायली सुरक्षा कैबिनेट की घंटों बैठक चली। बैठक में फैसला लिया गया कि इजरायल सैन्य तरीके से ईरान पर हमला करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की है। उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। जो कोई भी हम पर हमला करेगा, हम उन पर हमला करेंगे। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हमले के समर्थन में नहीं हैं। मगर हमले से पहले इजरायल अमेरिका को अपने विश्वास में लेना चाहता है। बाइडन ने कहा कि इजरायल ईरान में क्या करने जा रहा है... इस पर हम चर्चा करेंगे। बाइडन ने ईरान पर और प्रतिबंध लगाने की बात भी कही है।इजरायल को यह भी पता है कि ईरान पर हमला किया तो वह भी पलटवार करेगा। ऐसे में इजरायल ईरानी हमले के खिलाफ अमेरिकी सेंट्रल कमांड से रक्षात्मक सहयोग चाहता है। वहीं इजरायली वायुसेना की खातिर अधिक गोला-बारूद और अन्य सैन्य साजो-सामान भी अमेरिका से चाहता है। अमेरिका मध्य-पूर्व में सैन्य तैनाती बढ़ाने पर विचार कर रहा है। उसने अपनी वायुसेना और नौसेना को भी अलर्ट पर रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शारदीय नवरात्रिः आस्था व उत्साह से श्रद्धालु कर रहे देवी दुर्गा की आराधना



**नई दिल्ली**। देशभर के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गए। इसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नौ दिनों तक लगातार चलने वाले इस त्योहार से पूर्व तमाम घरों में काफी तैयारियां की जाती हैं। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ विधि-विधान से अखंड ज्योति जलाई जाती है। हिंदू त्योहारों में विशेष महत्व रखने वाले नवरात्रि में देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी, मां सिद्धि दात्री की पूजा-अर्चना की जाती है। पहले दिन पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि लेकर नवमी तिथि तक शारदीय नवरात्रि रहती है। शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा और अनुष्ठान आरंभ होते हैं।

### भारत-नेपाल सीमा से बाघ व शेरों की तस्करी रोकने को लेकर दिल्ली में शुरू हुई दो दिवसीय बैठक

**नई दिल्ली**। भारत और नेपाल सीमा से बाघ एवं शेरों की तस्करी रोकने को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), इंटरपोल और नेपाल के वरिष्ठ कानून प्रवर्तन अधिकारियों की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली के सीबीआई मुख्यालय में गुरुवार से शुरू हुई। बैठक में इंटरपोल के पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम के विशेषज्ञ, नेपाल के वरिष्ठ कानून प्रवर्तन अधिकारी और वन्यजीव अपराधों से निपटने वाली भारत की एजेंसियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भारतीय एजेंसियों में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी), राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और सीबीआई की आर्थिक अपराध-II शाखा के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस बैठक से भारत एवं नेपाल दोनों में कानून प्रवर्तन अधिकारियों के मध्य समन्वय में वृद्धि होने की उम्मीद है। सीबीआई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बाघ, शेर, जगुआर एवं तेंदुए की सुरक्षा खतरे में है। बैठक में इन जीवों की तस्करी को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### खरगे ने की पीएम केयर फंड से बिहार के बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में बाढ़ से हुए जान माल के नुकसान पर दुख जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार से राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने की मांग की है। खरगे ने कहा कि बिहार के बाढ़ पीड़ितों को पीएम केयर फंड से मुआवजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी अपेक्षा कि है कि वे पीड़ितों की सेवा के लिए तत्पर रहें। खरगे ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में यह बात कही। खरगे ने कहा कि बिहार में बाढ़ का मंज़र भयंकर होता जा रहा है। 17 ज़िलों में क़रीब 15 लाख़ लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। पिछले कुछ दिनों में कई लोगों की मृत्यु का समाचार बेहद पीड़ादायक है।

## ईरान-इजरायल जंग के बीच जयशंकर ने विशेषज्ञों से किया विचार-विमर्श

एजेंसी। नई दिल्ली



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकार है, लेकिन संघर्ष को और भड़कने से रोकना भी जरूरी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि सभी संबंधित पक्षों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से मुद्दों को सुलझाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर भारत गहरी चिंता जता रहा है और उसने सभी पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। भारत ने यह भी कहा कि संघर्ष के क्षेत्रीय आयामों को फैलने से रोकने की जरूरत है, और बातचीत के जरिए समाधान तलाशा जाना चाहिए। ईरान ने इजरायल पर एक साथ 150 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जो हाल के इतिहास में सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के अनुसार, इस हमले में पहली बार हाइपरसोनिक फत्ताह मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। बताया गया कि 90% मिसाइलें इजरायल के लक्ष्यों को भेदने में सफल रहीं। हालांकि, इजरायल और अमेरिका के नेतृत्व वाले रक्षात्मक गठबंधन ने इनमें से अधिकांश मिसाइलों को नष्ट कर दिया।

# सामाजिक सुरक्षा के मजबूत बंकर में हैं अग्निवीर: राजनाथ सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली



अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल उठाती रही है। लोकसभा चुनाव की तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाने का प्रयास किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तो कई बार अग्निवीरों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखे हमले कर चुके हैं। इससे तिलमिलाई भाजपा ने भी कई बार पलटवार किए हैं और कांग्रेस पर झूठ बोलने का आरोप भी लगाया है। इस बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि अग्निवीर भी भरपूर वेतन, पेंशन और बीमा राशि की सुविधा के साथ सामाजिक सुरक्षा के मजबूत बंकर में हैं। यही नहीं अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में आरक्षण की सुविधा भी भाजपा शासित राज्यों में दी जा रही है। हरियाणा जैसे राज्य में जहां युवा सेना की सेवा के प्रति विशेष रुचि रखते हैं, वहां कांग्रेस अग्निपथ योजना के मुद्दे को लगातार उठा रही है। एक इंटरव्यू में रक्षामंत्री ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि सेना में सेवा के दौरान यदि अग्निवीर की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को कुछ नहीं मिलता। सच यह है कि यदि किसी अग्निवीर की सेवा अवधि में दुर्भाग्य से मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि दिए जाने का प्रविधान इस योजना में है। इसमें 48 लाख रुपये का बीमा है, जिसका प्रीमियम अग्निवीरों से नहीं लिया जाता है। 44 लाख रुपये का एक्सग्रेसिया भुगतान किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि मृत्यु के बाद बचे हुए सेवाकाल का वेतन भी दिया जाता है। इसके साथ ही सरकार ने अलग-अलग बैंकों के साथ एमओयू किए हैं, जिसके तहत 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक का बीमा मुआवजा दिया जाता है। बीमा के लिए भी अग्निवीरों को कोई प्रीमियम नहीं देना होता है। भारत सरकार अपने फंड से बीमा राशि का भुगतान करती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अग्निवीरों की चार वर्ष की सेवा के लिए यह सुविधाएं दी जा रही हैं, साथ ही उसके बाद के जीवन के लिए भी रोजगार के अवसर सरकार दे रही है। जितने भी अग्निवीरों को सेना में शामिल किया जा रहा है, उनमें से 25 प्रतिशत अग्निवीर मेरिट के आधार पर सेना में नियमित होकर सेवा जारी रखेंगे। बाकी बचे अग्निवीरों के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, असम, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात और गोवा जैसी राज्य सरकारों ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया है।

## जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 63.88 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली**। जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए तीन चरणों के मतदान का प्रतिशत पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 63.88 प्रतिशत रहा। तीसरे चरण में कुल 69.69 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण की 40 सीटों पर महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले अधिक रहा है। हाल के लोकसभा चुनाव में राज्य में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए 18 एवं 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मतदान के अंतिम आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक तीसरे चरण में 69.37 प्रतिशत पुरुषों और 70.02 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। जम्मू-कश्मीर में हुए कुल मतदान में पुरुषों का मतदान प्रतिशत 64.68 प्रतिशत और महिलाओं का 63.04 प्रतिशत रहा। तीसरे चरण में सबसे अधिक मतदान मढ़ (एससी) विधानसभा क्षेत्र में 81.34 प्रतिशत रहा। छंब विधानसभा में 80.34 प्रतिशत मतदान रहा। सबसे कम मतदान सोपोर और बारामुला में क्रमशः 45.3 और 53.90 प्रतिशत रहा। करीब 21 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 70 से अधिक रहा है।

## ठहरिए...अभी बारिश का दौर थमा नहीं है! कई राज्य होने जा रहे हैं तरबतर



**नई दिल्ली**। कुछ राज्यों से भले ही दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी की घोषणा कर दी है, लेकिन पूर्वोत्तर मॉनसून के अभी और बरसने के आसार बन रहे हैं। दक्षिण-पूर्वी प्राय द्वीपीय भारत में अक्टूबर-दिसंबर महीने में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान लगाया है। इसे शीतकालीन मॉनसून के रूप में भी जाना जाता है। आईएमडी के मुताबिक, रायलसीमा, यनम, तटीय आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, तमिलनाडु, केरल और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में वर्षा होगी। तमिलनाडु के लिए यह मुख्य वर्षा का मौसम है। राज्य में इस दौरान अधिकांश वर्षा दर्ज की जाती है। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के ऊपर स्थित ला नीना के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। ला नीना को भारत में पूर्वोत्तर मॉनसून को दबाने के लिए जाना जाता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि ला नीना के दौरान तमिलनाडु और पुडुचेरी में सामान्य से कम बारिश होती है। आईएमडी का यह आकलन यह कई वैश्विक मौसम मॉडलों से प्राप्त आउटपुट पर आधारित है। आपको बता दें कि जून से सितंबर के बीच दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के मौसम के दौरान भारत में 108 प्रतिशत बारिश हुई जो कि सामान्य से अधिक है। मॉनसून के बाद के मौसम के लिए पूर्वानुमान जारी करते समय आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर के दौरान दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत में औसत 334.13 मिमी वर्षा होगी, जो कि 112 प्रतिशत होगी।

# जिनको घंटे और शंख से परेशानी होती है, वो अपने कान बंद कर लें

**कैथल**। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कैथल और जींद में आयोजित जनसभाओं में योगी ने सनातन संस्कृति और कांवड़ यात्रा को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को घंटे और शंख की आवाज से परेशानी होती है, वे अपने कान बंद कर लें और घर में रहें। योगी ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा में डीजे, घंटा और घड़ियाल बजते रहेंगे, और अगर कोई इसमें बाधा डालने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कैथल में जनसभा के दौरान




सीएम योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, जब-जब अत्याचार बढ़ेगा, हरि आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर सनातन धर्म से नफरत करने और समाज को बांटने का आरोप लगाया। योगी ने कहा कि कांग्रेस देश को नशे की ओर धकेलना चाहती है और इसके नेता नशे के कारोबार में लगे हुए हैं। उन्होंने नशे के कारोबारियों की तुलना पौराणिक दानव चंड-मुंड और महिषासुर से की। जींद में योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि 2017 से पहले कांवड़ यात्रा को बाधित किया जाता था, लेकिन उनकी सरकार ने इसे पूरी स्वतंत्रता से चलने दिया। उन्होंने कहा, कांवड़ यात्रा में डीजे भी बजेगा, घंटा और घड़ियाल भी बजेगा। जिन लोगों को इससे परेशानी होती है, वे अपने कान बंद कर लें और अपने घरों में रहें। योगी आदित्यनाथ ने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने विरासत के सम्मान के साथ-साथ विकास का कार्य भी किया है। उन्होंने बताया कि हाईवे, एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसें और शैक्षणिक संस्थान जनता को दिए गए हैं।

## आईआईटी दिल्ली और भारतीय वायुसेना ने तकनीकी वस्त्रों पर एआई-संचालित अनुसंधान के लिए हाथ मिलाया

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय वायु सेना के नागपुर स्थित मुख्यालय अनुरक्षण (एचक्यू) कमान और आईआईटी दिल्ली ने गुरुवार को विमानन वस्त्रों के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर आईआईटी दिल्ली के डीन (आरएंडडी) प्रोफेसर नरेश भटनागर और वायुसेना के ग्रुप कैप्टन प्रशांत पाठक (कमांडिंग ऑफिसर 16 बीआरडी) ने प्रोफेसर आर अलागिरुसामी, विभागाध्यक्ष, टेक्सटाइल और फाइबर इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी दिल्ली और प्रोफेसर बिपिन कुमार, परियोजना समन्वयक, आईआईटी दिल्ली, ग्रुप कैप्टन असित कुमार (योजना और उत्पादन प्रमुख 16 बीआरडी, एएफ) और विंग कमांडर अरुण मनोहर (गुणवत्ता आश्वासन प्रमुख 16 बीआरडी, एएफ) की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के तहत आईआईटी दिल्ली और भारतीय वायु सेना के नागपुर स्थित मुख्यालय अनुरक्षण (एचक्यू) कमान, विमानन ग्रेड वस्त्रों के क्षेत्र में स्वदेशीकरण के माध्यम से अप्रचलन प्रबंधन, आत्मनिर्भरता, उन्नयन और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देंगे। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन प्रशांत पाठक के अनुसार सहयोग के लिए रुचि के कुछ क्षेत्रों में विभिन्न पैराशूट और सुरक्षा उपकरणों के लिए कच्चे माल का चयन (वस्त्र/कपड़ा), तकनीकी वस्त्र/कपड़े के परीक्षण के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों/उपकरणों का विकास तथा पैराशूट और सुरक्षा उपकरणों से संबंधित उत्पाद डिजाइनों में शामिल करने के लिए नवीनतम मानक उपलब्ध कराना, वस्त्र/कपड़े के कच्चे माल/तैयार उत्पादों की गुणवत्ता स्वीकृति जांच के लिए एआई/रोबोटिक्स या इमेजिंग प्रौद्योगिकियों को लागू करना, मरम्मत के लिए फील्ड इकाइयों से प्राप्त पायलट पैराशूट/ब्रेक पैराशूट या कार्गो पैराशूट कैनोपी, संबंधित हार्नेस और क्रू रेस्ट्रेंट सिस्टम आदि जैसे तैयार उत्पादों की मशीन लर्निंग आधारित इमेजिंग प्रौद्योगिकी का नवाचार करना और पैराशूट और संबंधित सहायक उपकरणों का डिजाइन और विकास, विश्वसनीयता अध्ययन, सिमुलेशन अध्ययन, जीवन विस्तार अध्ययन शामिल हैं।

### यह चुनाव संविधान की लड़ाई है, हम मोहब्बत फैलाते हैं और वे लोग नफरत

**नूंह**। हरियाणा के नूंह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि ये संगठन देश में नफरत और लोगों को बांटने की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। राहुल ने सभी लोगों से अपील की कि वे एकजुट होकर इस नफरत को मिटाने के लिए आगे आएं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह हमारी



जिम्मेदारी है कि हम देश को जोड़ें और एकजुट रखें। लड़ाई संविधान की है। हम मोहब्बत फैलाते हैं, और वे लोग नफरत फैलाते हैं। उन्होंने बीजेपी को छोटे-छोटे दलों के समूह के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि ये सभी बीजेपी की ए,बी,सी,डी,ई,एफ टीम हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे इन दलों को समर्थन न दें और कांग्रेस को वोट देकर देश को एकजुट और मजबूत करें। राहुल गांधी ने हरियाणा के युवाओं को रोजगार की स्थिति के बारे में कहा कि युवाओं को अमेरिका में रोजगार मिलेगा, लेकिन यहां नहीं मिल रहा है।

### वीर सावरकर, जिन्ना की तुलना में ज्यादा कट्टरपंथी थेः गुंडू राव

**बेंगलुरु**। कर्नाटक के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव ने गांधी जयंती पर वीर सावरकर पर विवादास्पद टिप्पणी कर दी है। राव ने दावा किया कि वीर सावरकर एक ब्राह्मण थे, लेकिन वे मांसाहारी थे और बीफ खाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि सावरकर, मोहम्मद अली जिन्ना की तुलना में ज्यादा कट्टरपंथी थे। गुंडू राव के इस बयान ने सावरकर के समर्थकों और आलोचकों के बीच नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि सावरकर का दृष्टिकोण आधुनिक था, लेकिन उनके विचार कट्टरपंथी थे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सावरकर ने गाय के वध का विरोध नहीं किया और इस मुद्दे पर उनकी सोच खुली थी। मंत्री राव ने महात्मा गांधी की तुलना करते हुए कहा कि गांधीजी एक सख्त शाकाहारी थे और हिंदू सांस्कृतिक रूढ़िवाद में उनकी गहरी आस्था थी। उन्होंने गांधी को एक लोकतांत्रिक व्यक्ति बताया, जो प्रगतिशील सोच के समर्थक थे। जब गुंडू राव ने मोहम्मद अली जिन्ना का जिक्र करते हुए कहा कि वे कभी कठोर इस्लामवादी नहीं रहे वह मुसलमानों के लिए एक प्रतीक बन गए थे।



# बिहार में आपदा घोषित कराने के लिए पीएम से क्यों नहीं मिलते मुख्यमंत्री: तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में आई विनाशकारी बाढ़ पर केंद्र सरकार से अबतक कोई राहत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अबतक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बाढ़ को लेकर मुलाकात तक नहीं की है। मुख्यमंत्री बिहार में आपदा घोषित कराने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने में क्यों हिचकते हैं?

तेजस्वी ने कहा कि 2008 में बिहार में आई बाढ़ को याद कीजिए। तब केंद्र में यूपीए की सरकार थी। उनके नेता तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद के आग्रह पर प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के सर्वेक्षण पर बिहार आई थीं। लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री को बाढ़ की भयावह स्थिति से अवगत कराकर इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कराया।

उस दौर में एक हजार करोड़ की विशेष सहायता राशि बिहार को दिलाई। उस वक़्त यूपीए के बिहार से 29 सांसद थे, जबकि अब एनडीए के 30 सांसद हैं। वे इतने असहाय है कि केंद्र से बिहार की बाढ़ को न आपदा घोषित करा सकते हैं और न ही विशेष सहायता राशि की मांग सकते हैं।

# प्रदेश के सभी जिलों में कैमरे से कटेगा ऑटोमैटिक ई-चालान

**पटना, एजेंसी।** स्मार्ट सिटी वाले शहरों की तर्ज पर जल्द ही राज्य के सभी जिलों में अत्याधुनिक कैमरे और सॉफ्टवेयर की मदद से आटोमैटिक ई-चालान कटेगा। सभी जिला मुख्यालय वाले शहरों में चिह्नित प्रमुख चौराहों, व्यस्तम सड़कों और ब्लैक स्पाट पर कैमरे लगाए जाएंगे।

इसकी मदद से हेलमेट और सीट बेल्ट के अलावा ओवरस्पीड, ओवरलोड और गलत लेन में ड्राइव करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए परिवहन विभाग ने एजेंसी की खोज शुरू कर दी है। इच्छुक एजेंसियों से 15 अक्टूबर तक प्रस्ताव मांगा गया है। वर्तमान में पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी में कैमरों की मदद से ई-चालान काटा जा रहा है।

इसके अलावा राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के टोल-प्लाजा पर भी अगस्त से बीमा, प्रदूषण और फिटनेस फेल वाहनों का ई-



डिटेक्शन एप की मदद से आटोमैटिक ई-चालान काटा जा रहा है। इसके तहत हर दिन औसत एक हजार गाड़ियों का ई-चालान काटा जा रहा है।

कैमरों की मदद से ई-चालान कटने के बाद चारों स्मार्ट सिटी शहरों और एनएच पर यातायात नियमों के उल्लंघन में कमी भी दर्ज की गई है। इसकी सफलता को देखते हुए ही सड़क सुरक्षा के लिए राज्य के शेष 34 जिलों में भी कैमरों की मदद से आटोमैटिक ई-चालान की व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों की पहचान के लिए डाटा संग्रह भी किया जाएगा। इसके तहत कैमरों से कटने वाले चालान का डाटा वाहन और सारथी पोर्टल से जोड़ा जाएगा, ताकि वाहन चालकों की पहचान हो सके। इसके अलावा उनकी गाड़ियों और चालान के पूर्व के नियम उल्लंघन की जानकारी भी मिल सके। राज्य में वर्ष 2022 में 10 हजार 801 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 8898 लोगों की मौत हुई है। सड़क हादसों में मौत के मामले में बिहार शीर्ष राज्यों में शामिल है। इसका बड़ा कारण सड़क सुरक्षा की कमी और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का अभाव है।

इ सी को देखते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर सभी जिला मुख्यालय वाले शहरों में कैमरों की मदद से चालान की व्यवस्था की जा रही है।

# पितृपक्ष मेले में रिकॉर्ड 22 लाख लोग पहुंचे:20 करोड़ का कारोबार



**गया, एजेंसी।** गया में 17 सितंबर से चल रहे 17 दिवसीय पितृपक्ष मेले का बुधवार की शाम समापन हो गया। जिला प्रशासन का दावा है कि इस बार करीब 22 लाख तीर्थ यात्री गया में अपने पितरों का पिंडदान करने आए थे। इसमें 25 विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हैं।

इस साल पितृपक्ष में आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। इतनी बड़ी संख्या में इससे पहले तीर्थयात्री गया कभी नहीं आए थे। यही वजह है कि इस बार तीर्थ यात्रियों ने शहर को 20 करोड़ से अधिक का कारोबार दिया है। हालांकि, जिला प्रशासन के पास इसका कोई औपचारिक डाटा नहीं है। पर डीएम डॉ. त्यागराजन ने इसकी पुष्टि की है। इस मेले का खासा लाभ पंडा, ब्राह्मण, होटल, टैक्सी, ई-रिक्शा, गेस्ट हाउस, लॉज, बर्तन, वस्त्र और पूजन सामग्री के व्यापारियों को ही होता है। डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि इस मेले में नगर निगम, पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभागों ने अपने मद से कुल 20 करोड़ रुपए तीर्थ यात्रियों को बेसिक और उच्च सुविधा देने पर खर्च किया है। गया होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु होटल के डायरेक्टर निशांत कुमार, मनीषा इंटरनेशनल होटल के मैनेजर नीतीश सिंह चौहान और विष्णुपद चौराहा स्थित होटल कारोबारी पिंटू कुमार ने बताया कि होटल वालों के लिए इस वर्ष का पितृपक्ष बहुत अच्छा रहा। प्रत्येक होटल हर दिन फुल रहा। रूम की हर दिन किल्लत ही रही। गया शहर व उसके आसपास 60 होटल हैं। ये सभी 15 सितंबर से फुल चल रहे थे, जो लगातार 3 सितंबर तक भरे रहे। एक होटल के पास कम से कम 20 कमरे हैं। प्रत्येक कमरा 3 हजार से लेकर साढ़े 4 हजार रुपए में बुक थे। डेढ़ लाख यात्री टेंट सिटी में भी रहे हैं। वहीं, मेला क्षेत्र विष्णुपद चौराहा स्थित दान में दिए जाने वाले बर्तन दुकानदार पिंटू कुमार ने बताया कि बहुत से तीर्थ यात्री तो इस बार घर से ही बर्तन लेकर आए थे। फिर भी इस बार कारोबार अच्छा रहा। पांच बर्तनों का सेट 300 से लेकर 600 रुपए में बिका।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा सांसद का किया स्वागत

**दरभंगा, एजेंसी।** बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के दौरे पर सड़क मार्ग से किरत पुर प्रखंड जा रहे जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा का लोगों ने बुधवार को दहौड़ा में पाग चादर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जदयू एवं भाजपा के अंजनी कुमार उर्फ मुन्ना झा,चंदन झा,भवनाथ झा,रमणजी चौधरी सहित कई कार्यकर्ताओं ने दहौड़ा गांव स्थित उमा रमन झा के घर पर पाग चादर एवं फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री झा ने सभी कार्यकर्ताओं से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंच कर पीड़ित परिवारों को मदद करने की सलाह दी।

### पारिवारिक विवाद से तंग आकर गंडक में कूदा युवक

**हाजीपुर, एजेंसी।** हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी गंडक पुल के पाया नंबर तीन के पास एक युवक ने अचानक नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ की दो टीम युवक की तलाश में जुट गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर युवक के गांव के लोग और राहगीर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार एक युवक गंडक पुल के पाया नंबर तीन के पास जाकर अचानक अपना बाइक रोक दिया। जिसके बाद युवक ने पुल पर से नदी में छलांग लगा दी। इसके बाद घटना की जानकारी एसडीआरएफ की दो टीम नदी में युवक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

घरेलू विवाद से नाराज होकर लगाई छलांग

युवक की पहचान सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर देवरिया निवासी दिनेश राय के बेटे दीपक कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक के घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर नाराज युवक बाइक से आकर गंडक नदी में छलांग लगा दिया। दीपक कुमार दौलतपुर देवरिया चौक के निकट पान का गुमटी चलता है। फिलहाल घटना के संबंध में युवक के परिवार कुछ बोलने से बच रहे थे।

### हथकड़ी खोल शौच के लिए भेज दिया

**पटना, एजेंसी।** पटना में कंकड़बाग टैम्पो स्टैंड इलाके में चाकू से चाय दुकानदार पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपित शिवा के पुलिस हिरासत से फरार होने की घटना प्रकाश में आई है। आरोपित को चिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। साथ गए सिपाहियों को चकमा दे शिवा शौच के बहाने अस्पताल स्थित शौचालय के वेंटिलेशन से भाग गया। इस मामले में पुलिस दो सिपाहियों की लापरवाही की जांच कर रही है। कंकड़बाग थानेदार नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि घटना बीते सोमवार की है। 21 सितंबर को चाय देने में देरी करने पर शिवा ने चाय दुकानदार अजय शाह के साथ गाली-गलौज की थी। विरोध करने पर उसने बांस काटने वाले चाकू से दुकानदार पर हमला कर दिया था और फरार हो गया था।

चाकू से दुकानदार की गर्दन से गहरा जख्म आया था। बाद में लोगों ने घायल अजय को अस्पताल में भर्ती कराया था। कंकड़बाग पुलिस आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज आरोपित की तलाश कर रही थी। पुलिसकर्मियों ने इलाके से आरोपित शिवा को गिरफ्तार कर लिया था।

# हाइवा ट्रक पर गिट्टी से ढका स्पिरिट जब्त

**छपरा, एजेंसी।** जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के रामधनाव गांव में एक हाइवा ट्रक पर गिट्टी से ढका 70 गैलन स्पिरिट जब्त किया गया। दुर्गा पूजा को लेकर उत्पाद विभाग ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए जिले के सभी जगहों पर जाल बिछा रखा है। विभाग के अफसरों को जानकारी मिली थी कि स्पिरिट की बड़ी खेप यहां आने वाली है। मशरक उत्पाद थाना के मद्य निषेध निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में बनियापुर थाना क्षेत्र के रामधनाव गांव में छापामारी की गई। वहां गांव के मुख्य सड़क पर एक हाइवा ट्रक खड़ा दिखा। ट्रंक के चालक से पूछ ताछ किया गया तो चालक ने गिट्टी लदे होने की बात कही।

शक के आधार पर 22 पहिया वाला हाइवा की जांच करने पर गिट्टी के नीचे छिपाकर रखा गया 70 स्पिरिट में 2940 लीटर स्प्रीट बरामद किया गया । ट्रक चालक को हिरासत में ले कर पूछ ताछ जारी है। पकड़े गए चालक रामधीर यादव, झारखंड पलामू के छतरपुर थाना के हिसाग का रहने वाला बताया गया है। शराब की खेप किसके पास जा रही थी। इसकी पड़ताल जारी है। छापामारी में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक कुंदन कुमार, मंजीत साव, सहायक अवर निरीक्षक सियाराम साह, अनिल साह, कीर्ति सिंह और मद्य निषेध सिपाही अमरजीत कुमार के साथ अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# मुंगेर में राजद के प्रदेश महासचिव को मारी गोली

## मार्निंग वॉक के दौरान अपराधियों ने की 3 फायरिंग

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में बदमाशों ने राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव के सीने में गोली मारी है। पंकज रोज की तरह हवाई अड्डा मैदान में मॉर्निंग वॉक के लिए गए थे। तभी पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर फायरिंग की। आनन-फानन में पंकज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। वारदात कासिम बाजार थाना इलाके की है।

राजद नेता के पिता ने कहा कि पंकज रोज की तरह सुबह टहलने गया था। नवटोलिया निवासी मिट्ठू कुमार और अमन कुमार ने मेरे बेटे पर गोली चला दी। उन्होंने कहा कि दोनों पहले के एक केस के मैनेज करने को लेकर मदद मांग रहे थे। पंकज ने मना कर दिया था, उसके बाद दोनों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### अचानक करने लगे फायरिंग

घायल राजद नेता पंकज यादव ने बताया कि मैं मैदान में टहल रहा था तभी अपराधी आए और मुझ पर फायरिंग करने लगे। मुझे एक




गोली लगी और मैं बेहोश हो गया। उसके बाद मुझे नहीं पता क्या हुआ।

### पहले दो राउंड हवा में की फायरिंग

प्रत्यक्षदर्शी राणा प्रताप सिंह ने बताया कि मैं मैदान में कसरत कर रहा था, तभी अचानक एक बाइक पर मिट्ठू कुमार और नमन कुमार आए और गोली चलाने लगा। पहले दो राउंड हवा में फायरिंग की फिर पंकज यादव को को गोली मार कर फरार हो गए।

### पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद- डीएसपी

सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि मुझे पहले सुबह 6:00 बजे सूचना मिली कि राजद के एक नेता को मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मार दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान घटना के पीछे दो लोगों का नाम सामने आया है। रुपयों के लेने देने को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस जल्द इस आरोपियों को पकड़ लेगी।

# सियासत की नई शैली गढ़ने का संकल्प लेकर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की रैली में जुटे लोग

**पटना, एजेंसी।** सियासत में नई शैली गढ़ने का संकल्प लेकर राजधानी पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को जन सुराज के हजारों कार्यकर्ताओं का बिहार के कोने-कोने से जुटान हुआ। आयोजन स्थल से दो किलोमीटर की परिधि में विभिन्न सड़कों पर हर उम्र और वर्ग के कार्यकर्ताओं की कतारें दिखीं। भीड़ प्रबंधन को लेकर जन सुराज के वोलेंटियर की सड़कों पर तत्परता इस आयोजन को खास बना रही थी। छह महीने में पटना की यह दूसरी बड़ी संयमित कार्यकर्ताओं की जुटान थी। इससे पहले कर्पूरी जयंती पर जदयू के आह्वान पर वेटनरी कॉलेज मैदान में भारी जमावड़ा हुआ था।

बुधवार को अनुशासित कार्यकर्ताओं की टोली से वेटनरी कॉलेज मैदान और आसपास की सड़कें पूरी तरह पट गईं। सुबह 10 बजे से कार्यकर्ताओं की टोली मैदान की ओर पहुंचने लगी थी। शाम सवा तीन बजे के आसपास वेटनरी कॉलेज मैदान में प्रशांत किशोर के पहुंचते ही लोग कुर्सियों पर चढ़कर अपने नेता को देखने को उत्सुक हो उठे। प्रशांत किशोर ने मंच पर पहुंचते ही जय बिहार के नारे लगवाये। भाषण शुरू होते ही हजारों मोबाइल कैमरे एक साथ चमकने लगे।

भाषण खत्म होने पर कार्यकर्ता शहर भ्रमण पर निकल पड़े। शहीद पीर अली पथ, अटल पथ, नेहरू पथ,



शेखपुरा मोड़, लोहिया पथ चक्र से तारामंडल तक जन सुराज के कार्यकर्ताओं की टोली देर शाम तक दिखी। वहीं, इनकी बसें अटल पथ, वीरचंद पटेल पथ, जगदेव पथ, फुलवारी मार्ग, अनीसाबाद से चितकोहरा गोलंबर के बीच, नेहरू पथ पर कतार में खड़ी की गई थीं।

बता दें कि बुधवार को प्रशांत किशोर ने दो साल की जन सुराज पदयात्रा के बाद गांधी जयंती के मौके पर जन सुराज पार्टी का औपचारिक गठन कर दिया। पीके ने पार्टी के पहले नेता के तौर पर मधुबनी के मनोज भारती को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। पार्टी के अंदर अब सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी और अगले साल के मार्च तक पूर्णकालिक अध्यक्ष चुना जाएगा।

# सड़क हादसे में 2 शराब तस्करों की मौत :मुजफ्फरपुर में वाहन ने मारी ठोकर, पुलिस ने कार को किया जब्त

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शराब लदी कार सड़क हादसे का शिकार हो गई है। इस हादसे में गाड़ी में सवार दो तस्करों की मौत हो गई। सूचना पर मोतीपुर थाना की पुलिस टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र के पनसलवा की है। यहां देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक विदेशी शराब से लदी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस घटना में गाड़ी में बैठे दो तस्करों की जान चली गई है। मोतीपुर थाना की पुलिस ने पहुंचकर दोनों डेड बॉडी को गाड़ी से बाहर निकाला। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच भेज दिया है। वाहन को जब्त कर पुलिस अपने साथ थाना ले आई है।



### मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

मोतीपुर थाना अध्यक्ष राजन कुमार पाण्डेय ने बताया कि देर रात थाना क्षेत्र के पनसलवा चौक के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक लक्जरी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई है। इसमें कार में बैठे दो व्यक्ति की मौत हो गई। लग्जरी वाहन में शराब लदी हुई थी। फिलहाल, पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बिहार के 13 जिलों में 47 कस्तूरबा स्कूलों में पढ़ाई शुरू

### 4700 छात्राओं को फायदा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के 13 जिले में 47 और कस्तूरबा गांधी विद्यालय का संचालन शुरू हो गया है। बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लिए संचालित होने वाले इन विद्यालयों का उद्घाटन हुआ है। जिन जिलों में विद्यालय खोला गया है उनमें अरवल, औरंगाबाद, बांका, गया, जमुई, कैमूर, मुजफ्फरपुर, नवादा, पूर्णिया, रोहतास, शेखपुरा, सीतामढ़ी व पश्चिम चंपारण शामिल हैं। गया जिले के टेकारी विद्यालय का उद्घाटन पर्यटव व उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, स्थानीय विधायक व अन्य गणमान्य लोगों ने




किया। श्री मिश्रा ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को मूर्त रूप देने के क्रम में सरकार का यह अभिनव प्रयास है।

वहीं अन्य जिले में स्थानीय विधायक, कार्यक्रम पदाधिकारी, मुखिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विकास आयुक्त, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विद्यालय का उद्घाटन किया गया। मालूम हो कि प्रत्येक विद्यालय में समाज के अभिवंजित व कमजोर वर्ग की 100 बालिकाओं को शिक्षा के साथ आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यालय से 4700 बालिकाएं लाभान्वित होंगी। मालूम हो कि सूबे के 143 प्रखंडों में कक्षा नौवीं से बारहवीं की बालिकाओं के लिए कस्तूरबा विद्यालय का संचालन हो रहा है।

बालिकाओं को सशक्त बनाने, उनकी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से विद्यालय खोला जा रहा है। राज्य परियोजना निदेशक( बिहार शिक्षा परियोजना परिषद) बी कार्तिकेय धनजी ने कहा कि ये विद्यालय विशेष रूप से उन समुदायों के लिए कार्य करते हैं जहां बालिकाओं के शिक्षा छोड़ने की संभावना होती है। बता दें कि राज्यभर के 530 प्रखंडों में पूर्व से ही छठी से आठवीं की बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी विद्यालय संचालित है।

अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, डॉ. एस सिद्धार्थ ने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे बहुआयामी प्रयासों में यह भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वंचित समुदाय सहित हाशिए पर रहने वाले समूहों की बालिकाओं को सीखने का समान अवसर प्राप्त होगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**छपरा, एजेंसी।** शहर में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति नई बाजार मोहल्ले के बड़ी मस्जिद के रहने वाला दिलीप प्रसाद बताया जाता है। इसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एसपी ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से लिखित आवेदन दिया गया था। उसके आधार पर भगवान बाजार थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सिंह ने यह कार्रवाई की है। पुलिस इस घटना की एक-एक बिंदु पर जांच कर रही है। भगवान बाजार थाने में नए कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरी बार हुई ठगी तब पुलिस ने दर्ज किया मामला, जल संसाधन कर्मी से पहले IAS फिर स्मार्ट मीटर के नाम पर ठगी

**पटना**। पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के कन्हौली निवासी दिलीप कुमार के साथ साइबर ठगी हुई है। दिलीप पटना में जल संसाधन विभाग में कार्यरत हैं। शातिरों ने बिजली मीटर अपडेट कराने के नाम पर 70 हजार की ठगी कर ली। दिलीप के साथ फरवरी महीने में भी एक IAS के नाम पर 20 हजार की ठगी हुई थी, लेकिन उस समय थानों का चक्कर लगाने के बाद में मामला दर्ज नहीं हुआ था। वहीं अब दोनों मामलों में साइबर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। दिलीप ने बताया कि साइबर अपराधियों ने उसे दो बार ठगी की शिकार बनाया। शातिरों ने पहली बार फरवरी में और दूसरी बार 20 सितंबर को ठगी कर ली। पहली बार शातिरों ने पटना के एक IAS अधिकारी के नाम पर 70 हजार रुपए की ठगी कर ली थी। बिहटा थाना चक्कर लगाकर थक गए, लेकिन उनका केस दर्ज नहीं हुआ। पुलिस इतने दिनों तक दौड़ाती रही। कभी पूरी घटना को लिखकर देने को कहती, तो कभी सबकुछ संक्षिप्त में लिखकर देने को कहती थी। लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। फिर दूसरी बार ठगी होने पर एक साथ साइबर थाने में दो मामला में दर्ज हुआ है। दिलीप ने बताया कि शातिरों ने बिजली मीटर अपडेट कराने के नाम पर ठगी कर ली। उनके घर में स्मार्ट बिजली मीटर लगा है। शातिर ने उन्हें फोन किया और उनका कंज्यूमर ID बताया। इसके बाद मीटर अपडेट करने का झांसा देकर उनके खाते से 70 हजार रुपया निकाल लिए।

### चार जीविका दीदियों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में एडमिट, कहा- पास वाले दुकान से ऑमलेट खाया था

**पटना**। पटना के बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल के पास आमलेट खाने से चार जीविका दीदी सफाई कर्मियों को डायरिया होने की खबर सामने आई है। चारों महिला सफाई कर्मियों की पहचान सरस्वती देवी, रूकमनी देवी, माया देवी और रीना देवी के रूप में हुई है। चारों अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ में सफाई करने के बाद पास के दुकान से आमलेट बनवाकर लाया गया। चारों ने बांटकर खाया। इसके बाद एक-एक कर महिला सफाई कर्मी बेहोश होने लगी और दस्त होने लगा। सभी को आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्युटी पर तैनात डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि इलाज किया गया है, अब सभी खतरें से बाहर हैं। जल्द अस्पताल पहुंचने के कारण सभी महिला सफाई कर्मियों का तुरंत इलाज शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को गंदगी वाले दुकानों पर खाने से बचना चाहिए, खाने से पहले वहां साफ-सफाई को परख लें। गंदगी दिखे तो नहीं खाए।



### फुलवारी शरीफ पहुंची सेंट्रल हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम, CHC में सुविधाओं का लिया जायजा

**पटना**। फुलवारी शरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेंट्रल हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों से केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के ई-हेल्थ संयुक्त सचिव मधुकर कुमार भगत ने बताया कि तीन सदस्यीय टीम बिहार आई है। सीएचसी और पीएचसी में चल रही योजनाओं पर चर्चा करने और जानकारी लेने के लिए बिहार आए हैं। यहां स्वास्थ्य विभाग में किस प्रकार के मरीज आते हैं। किस प्रकार मरीज ओपीडी में जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग में किस तरह से टेक्नोलॉजी का यूज किया जा रहा है। उसमें कितनी सुधार की गुंजाइश है। इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा हुई है। सुधार के लिए यहां किन-किन चीजों की जरूरत है। जिससे रोगियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस पर भी स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 3 सदस्यीय टीम में संयुक्त सचिव के अलावा ई-हेल्थ की निदेशक रीना आशीष दाश, प्रोजेक्ट हेड नवीन पडियार शामिल थे।



### शारदीय नवरात्र का पहला दिन, पूरा माहौल भक्तिमय

**पटना**। शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। शंखनाद, मंत्रोच्चारण के साथ ही 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो गया है। इसे लेकर मंदिरों में देवी मां की पाठ पूरी वैदिक रीति से प्रारंभ हो गई है। वहीं कई घरों में गायत्री विधि से भी लोग मां की आराधना कर रहे हैं। फुलवारी शरीफ स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु मां की अराधना में जुटे हुए हैं। इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1925 में ब्रिटिश काल में स्वतंत्रता सेनानी मोतीलाल के द्वारा की गई थी। जानकार बताते हैं कि ब्रिटिश काल में ही मोतीलाल ने फुलवारी शरीफ के दुर्गा स्थान से दुर्गा प्रतिमा बैठने की परंपरा शुरू की थी। तब से आज तक यह परंपरा चली आ रही है। बताया जा रहा है कि नवमी के दिन यहां भव्य रूप से कन्या पूजन किया जाता है और दसवीं को विसर्जन के दिन कहार अपने कंधे पर नगर परिक्रमा के बाद प्रखंड परिसर स्थित तालाब में प्रतिमा का विसर्जन करते हैं। पूजा समिति के लोगों का कहना है कि राजधानी पटना में यह दुर्गा स्थान के प्रतिमा विसर्जन की परंपरा 100 वर्षों से चली आ रही है, जहां आज भी प्रतिमा का विसर्जन कहार के कंधे पर होता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां से बैलगाड़ी से गाड़ीवान ईंट ले जाने के क्रम में कुछ ईंट यहीं छोड़ जाता था। उसी ईंट को जोड़-जोड़कर इस मंदिर का निर्माण कराया गया। वहीं बिहटा की वन देवी माता की प्रतिमा मुगल काल में स्थापित की गई थी। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि 1648 ईस्वी में वन देवी माता जिन्हें विंध्यवासिनी माता के रूप में जानी जाती है उनकी स्थापना की गई थी। तब यहां चारों तरफ विशाल और घनघोर जंगल हुआ करता था। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि आज भी इस मंदिर में माता विराजमान रहती हैं और रात के वक्त चारों तरफ माता के चलने और पांव के पायल की आवाज सुनाई पड़ती है।

# बृज बिहारी हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला समेत 2 को उम्रकैद

एजेंसी, पटना।



♦ सूरजभान और 5 आरोपी SC से बरी, 1998 में पूर्व मंत्री की हुई थी हत्या

बिहार के पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में गुरुवार को फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, राजन तिवारी समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया है। पटना हाईकोर्ट ने 2014 में सभी 8 आरोपियों को बरी कर दिया था। पूर्व मंत्री की पत्नी और भाजपा नेता रमा देवी और सीबीआई ने भी पटना हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 21 और 22 अगस्त को सुनवाई पूरी करते हुए आदेश को सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी और पूर्व सांसद रमा देवी ने खुशी जताते हुए कोर्ट और सरकार को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने इसके लिए तत्परता से काम किया है। पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या साल 1998 में उस समय कर दी गई थी जब वे आईजीआईएमएस में इलाज के लिए भर्ती थे। निचली अदालत ने साल 2009 में 8 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

**राबड़ी सरकार में पटना के IGIMS में हुई थी हत्याः** 1998 में बृज बिहारी प्रसाद की हत्या पटना के IGIMS में कर दी गई थी। तब वो शाम के वक्त हॉस्पिटल कैंपस में वॉक कर रहे थे। उसी दरम्यान वहां पहुंचे अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। उस वक्त बिहार में राबड़ी देवी की सरकार थी। इस बड़े हत्याकांड में सूरजभान सिंह उर्फ सूरज, सिंह, विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला, राजन तिवारी, मुकेश सिंह, ललन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी और शशि कुमार राय को आरोपी बनाया गया था। पति की हत्या के बाद रमा देवी ने भाजपा का दामन थाम लिया था। वो शिवहर लोकसभा से सांसद रह चुकी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने रमा देवी का टिकट काट दिया था।

**ट्रायल कोर्ट ने दी थी सजा तो हाईकोर्ट से मिली थी बड़ी राहतः** इस बड़े हत्याकांड की गूंज उस वक्त पटना से लेकर दिल्ली तक थी। इस केस के सभी आरोपियों के खिलाफ पटना के सिविल कोर्ट में ट्रायल चला था। लंबे वक्त तक चले ट्रायल के बाद 12 अगस्त 2009 को सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील की थी।

# पटना में 3 युवक गंगा में डूबे, 1 की मौत

एजेंसी, पटना।



♦ दूसरे की हालत गंभीर, नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के लिए मिट्टी लाने गए थे

पटना में नवरात्र के पहले दिन बड़ा हादसा हुआ है। दीदारगंज थाना क्षेत्र के गोप घाट पर स्नान करने के दौरान तीन युवक गंगा में डूब गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

**गोताखोरों ने 2 युवकों को पानी से बाहर निकालाः** जानकारी के मुताबिक तीनों कलश स्थापना के लिए मिट्टी और गंगाजल लाने के लिए घाट पर पहुंचे थे। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले गए। किसी तरह से एक युवक तैरकर बाहर आ गया। दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही गोताखोर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन लेकर अस्पताल पहुंचे।

**एक युवक की हालत गंभीरः** फतुहा एसडीपीओ-1 निखिल कुमार ने बताया कि तीनों विग्रहपुर के रहने वाले थे। अस्पताल में डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की गंभीर बनी हुई है। इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है।

# सड़क हादसे में बैंक कैशियर की मौत

**ड्यूटी से देर शाम लौट रहे थे पटना, तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर**

एजेंसी, पटना।



पटना के दीघा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक कैशियर अभिषेक शेखर (52) की मौत हो गई। अभिषेक अपनी बाइक से हाजीपुर से ड्यूटी कर वापस दानापुर स्थित अपने घर बसंत विहार कॉलोनी लौट रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार वाहन ने बैंककर्मी को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उन्हें हास्पिटल पहुंचाया। इलाज के दौरान बुधवार देर रात उनकी मौत हो गई। पटना के दीघा थाना क्षेत्र के रूपसपुर नहर के पास एक सड़क दुर्घटना में बैंक कर्मी अभिषेक शेखर की मौत हो गई। अभिषेक मंगलवार देर शाम हाजीपुर से बैंक का काम खत्म करके बाइक से दानापुर थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ के पास बसंत विहार कॉलोनी अपने घर आ रहे थे। 52 साल के अभिषेक हाजीपुर के केनरा बैंक मेन ब्रांच में कैशियर थे। अभिषेक मूल रूप से कैमूर के महुआरी गांव के रहने वाले थे। मृतक के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि अभिषेक रोजाना बाइक से हाजीपुर ड्यूटी करने जाते थे और रोज देर शाम तक लौट जाते थे। बुधवार की रात वो ड्यूटी से लौट रहे थे। इसी बीच रूपसपुर नहर के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनके बाइक में धक्का मार दिया। आसपास के लोग उन्हें घटनास्थल के पास ही निजी अस्पताल में ले गए। बाद में उन्हें पीएमसीएच ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को हमारे हवाले कर दिया।

**बनारस में होगा दाह संस्कारः** अभिषेक के भांजे प्रतीक पीयूष ने बताया कि वाराणसी में उनका अंतिम संस्कार कराया जाएगा। भांजे ने बताया कि उनकी पहली पोस्टिंग वाराणसी में थी। उन्हें एक बेटा श्रृयांश शेखर और एक बेटी श्रेया शेखर है।

बेटा प्लस टू में पढ़ाई करने के साथ IIT की तैयारी कर रहा है। बेटी दसवीं में पढ़ती है और मेडिकल की तैयारी कर रही है। गांधी मैदान ट्रैफिक थाना के थानाध्यक्ष बीके चौहान ने बताया कि अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ठोकर मारने वाले वाहन की पहचान करने में जुटी हुई है। उक्त गाड़ी का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी है।

# 17 जिलों की 14.62 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित

एजेंसी, पटना।

नवरात्रि के पहले दिन आज बिहार के किसी भी इलाके में भारी बारिश के आसार नहीं है। आज पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने 4 अक्टूबर को पूर्वी बिहार में 12 जिलों बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कोसी नदी के जलस्तर में बीते दिनों हुई भारी वृद्धि और पश्चिमी कोसी बांध टूटने के बाद कोसी क्षेत्र की लाइफ लाइन सहरसा-मानसी रेलखंड पर पानी का दबाव बढ़ सकता है। रेलवे की ओर से 15 अक्टूबर तक पहले से अलर्ट जारी रखा गया है। अधिकारियों की अलग-अलग टीमरेल ट्रैक का लगातार निरीक्षण कर रही है। इधर, नेपाल में एकबार फिर 2 अक्टूबर को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इधर, बुधवार को बिहार के उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर में कमी आई। हालांकि, बाढ़ प्रभावित इलाकों में अब भी बड़ी संख्या में लोग बच्चों व मवेशियों के साथ तटबंधों और सड़कों के किनारे शरण लिए हुए हैं। उन्हें भोजन, पानी, दूध व दवाइयों की कमी से जूझना पड़ रहा है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक राज्य के 17 जिलों की 14.62 लाख आबादी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। पटना मौसम विभाग के मुताबिक नवरात्रि में राज्य के अधिकतर हिस्सों में सामान्य अथवा सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान है। जिसकी संभावना 30 से 40 प्रतिशत है। अक्टूबर में मानसून की विदाई होती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 8 से 10 अक्टूबर तक मानसून की विदाई हो जाती है। लेकिन, इस साल 15 अक्टूबर तक बारिश होने की संभावना है। इस दौरान बिहार के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की की संभावना है। बिहार में बाढ़ से 2,24,597 हेक्टेयर में खड़ी फसल प्रभावित हुई है। इसमें 91,817 हेक्टेयर में फसल क्षति 33 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। पानी उतरने के बाद नए सिरे से फसल क्षति का आकलन होगा।



सहरसा-मानसी रेलखंड पर कोसी बना सकती है दबाव, नवरात्रि पर भारी बारिश की संभावना

# पटना में नशेड़ियों का अड्डा बना सरकारी स्कूल

एजेंसी, पटना।



पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय मुबारकपुर, स्मैकियों का अड्डा बन गया है। स्कूल की छुट्टी होते ही नशेड़ी स्कूल के पीछे से बाउंड्री वॉल फांदकर स्कूल परिसर में घुस जाते हैं। यहां वो स्मैक और नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं। सुबह स्कूल के छात्र-छात्रा आते हैं तो कैंपस में ही सिगरेट के डिब्बे, नशीले सामान फैले रहते हैं। कई बार नशेड़ी स्कूल के बोरिंग के तार, नल समेत अन्य सामान की चोरी कर लेते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक से लेकर छात्र-छात्राओं में नशेड़ियों का डर इस कदर है कि वो कैमरे के सामने आने से भी डरते हैं। स्कूल के में गेट पर भी दबंगों ने अतिक्रमण कर झोपडी बना दिया है। स्कूल में करीब 545 छात्र और छात्राएं हैं। 12 टीचर्स हैं। 6 कमरे में 8 वीं तक की पढ़ाई होती है। स्कूल के पहले तल्ले पर वर्षों से अधूरे निर्माण किए गए छह कमरे वाला जर्जर भवन है। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अजीत कुमार ने बताया कि पिछले 22 अगस्त को स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की गई थी। तब बोरिंग का तार चोरी कर लिया गया था। स्कूल का पुराना भवन नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि स्कूल समिति के अध्यक्ष को भी इस बारे में जानकारी दी गई है। स्कूल में गार्ड नहीं है। उन्होंने बताया कि दो बार पुलिस आकर जांच पड़ताल की और चली गई, फिर भी अड्डा समाप्त नहीं हुआ है।

# बड़ी पटन देवी मंदिर में है योनी कुंड, मान्यता- नवमी पर 4 फीट बढ़ जाती है हवन कुंड की ऊंचाई

एजेंसी, पटना।



पटना के बड़ी पटन देवी मंदिर के योनी कुंड हवन कुंड का वर्णन इतिहास के पन्ने में है। मंदिर के महंत विजय शंकर गिरी बताते हैं कि 'इस हवन कुंड का निर्माण सतयुग में ही हो गया था। ऐसी मान्यता है कि यह हवन कुंड माता सती के पाताल लोक से सीधा संबंध स्थापित करता है। यही कारण है कि इस हवन कुंड में डाली गई सामग्री सीधे पाताल लोक में चली जाती है। मां का पाताल लोक से सीधा जुड़ाव है और माता पार्वती की महिमा अपरंपार है। नवरात्र पूजा के नवमी के दिन यहां हवन कुंड में हवन करने वाले श्रद्धालुओं की काफी लंबा तांता लगा रहता है। मान्यता है कि नवमी के दिन हवन के दौरान हवन करने आए लोगों से हवन कुंड की ऊंचाई लगभग 4 फीट ऊंची हो जाती है और फिर यह सामग्री स्वत भूगर्भ में चली जाती है। पढ़िए जिस मंदिर के नाम पर राजधानी का नाम पटना पड़ा उसकी पूरी कहानी। ये हमारी नवरात्र की स्पेशल स्टोरी का पार्ट-1 है। साल 1912 में पटन देवी मंदिर के नाम पर बिहार की राजधानी का नाम पटना रखा गया था। पटन देवी भारत के 51 शक्तिपीठों में से एक है। मान्यता है कि यहां माता पार्वती की दाहिनी जांघ गिरी थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता सती के पिता दक्ष प्रजापति यज्ञ करवा रहे थे। यज्ञ के दौरान राजा दक्ष प्रजापति ने अपनी बेटी सती के पति यानी शिव जी का अपमान कर दिया जिसके बाद देवी सती बेहद गुस्सा हो गई। देवी सती ने आग में कूद कर अपना जीवन खत्म कर लिया था। जब महादेव को इस बात का पता चला था तब वह बेहद क्रोधित हो गए थे। क्रोध में आकर शिव जी ने सती के मृत शरीर को हाथों में लिया और घमासान तांडव करने लगे। उनके तांडव से पूरा संसार हिल गया था। तभी भगवान विष्णु ने अपना चक्र चलाया जिसकी वजह से माता सती के मृत शरीर के 51 टुकड़े हो गए थे जो अलग-अलग जगहों पर जाकर गिरे। जहां-जहां उनके मृत शरीर के खंड गिरे वहां-वहां शक्तिपीठ का निर्माण हुआ। जहां देवी सती का दाहिनी जांघ गिरा था वह स्थान पटना था। इसलिए यह शक्तिपीठ पटन देवी मंदिर के रूप में जाना गया। नवरात्र के अवसर पर यहां दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह एक पौराणिक और ऐतिहासिक मंदिर है।

**मंदिर में महाकाली, महालक्ष्मी और मां सरस्वती की प्रतिमाः** पटना के महाराजगंज में स्थित बड़ी पटन देवी मंदिर में काले पत्थर से बनी महाकाली, महालक्ष्मी और मां सरस्वती की प्रतिमा है। इन्हें सतयुग का बना हुआ माना जाता है। इसके अलावा यहां एक भैरव की भी प्रतिमा स्थापित है। बिहार की राजधानी पटना में स्थित है पटन देवी मंदिर जो 51 शक्तिपीठों में शुमार होता है। नवरात्र के महीने में बढ़ जाती है इस में दूर-दूर से लाखों लोग करने आते हैं दर्शन।

**कैसे पड़ा बिहार की राजधानी पटना का नाम 'पटना'?ः** कहा जाता है जब साल 1912 में पटना का निर्माण राजधानी के तौर पर किया जा रहा था, तब इसके नाम को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। किसी को भी इसका नाम समझ नहीं आ रहा था तभी यह तय किया गया कि पटन मंदिर काफी मशहूर है इसलिए बिहार की राजधानी का नाम इस मंदिर के नाम पर रखा जाना चाहिए। तब से बिहार की राजधानी का नाम पटना है।

# जमीन सर्वे में कागज के लिए मांग रहे घूस, सर्वेक्षण कार्यालय में लोग परेशान

एजेंसी, पटना।

जमीन सर्वे ने लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। कागजों के लिए हर कोई कार्यालयों का चक्कर लगा रहा है। भीड़ बढ़ी तो वसूली का खेल भी बढ़ गया है। नक्शा से लेकर खतियान तक के लिए सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। एक रुपए के रसीदी टिकट के लिए 10 रुपए वसूले जा रहे हैं। जमीन सर्वे के नाम पर हो रही वसूली को लेकर आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह ने पहले ही घूसखोरी का वीडियो शेयर किया था। अब तो आम लोग भी वसूली का आरोप लगा रहे हैं। दैनिक भास्कर ने पटना के गुलजारबाग स्थित बिहार सर्वेक्षण कार्यालय की पड़ताल की तो लोगों का का दर्द सामने आया।

**पहले आम आदमी की परेशानीः** पटना के गुलजारबाग में बिहार सर्वेक्षण कार्यालय है। यहां पूरे राज्य का नक्शा है। जमीन सर्वे से पहले यहां 100 से 150 लोग आते थे। सरकार जमीन सर्वे की घोषणा की तो यह संख्या 1000 के पार पहुंच गई है। भीड़ के साथ लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। यहां एक नक्शा के लिए लोगों को कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ रहा है। एक प्रिंटर बिहार से करोड़ों लोगों का काम चल रहा है।

**खाता नंबर बताने के लिए पैसा चाहिएः** जमीन का नक्शा लेने के लिए बिहार सर्वेक्षण कार्यालय दौड़ रहे नौबतपुर के बेलगांव निवासी गोपाल बताते हैं, लैंड सर्वे से जुड़े कागजात जुटाने में हालत खराब हो जा रही है। कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्लॉट और खाता नंबर देने के लिए कर्मचारी पैसा मांगते हैं। खतियान निकालने वाले कार्यालय का ऐसा हाल है कि 5 रुपए के रसीदी टिकट का 15 रुपया लिया जा रहा है, एक रुपए वाला टिकट खुलआम 10 रुपए में बेंचा जा रहा है। कार्यालय में बैठे सारे कर्मचारी भ्रष्ट हैं। सब बाहर घूम रहे दलालों से मिले हुए हैं। इनका काम सिर्फ पैसा वसूली करना है।

**हर काम के लिए कहां से लाएं पैसाः** नौबतपुर के गोपाल कहते हैं, जमीन सर्वे के नाम पर वसूली करने वालों पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। ऐसे लोगों पर एक्शन होना चाहिए। परिमार्जन हो ही नहीं रहा है, अगर होता है तो उसके लिए भी पैसा मांगा जाता है। पैसा नहीं देने वालों को कार्यालय के बाहर लंबी लाइन में खड़ा कर दिया जाता है। आम इंसान इतना परेशान है, लेकिन सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार ने जमीन सर्वे की घोषणा की है तो उसे वसूली करने वालों पर भी ध्यान देना चाहिए।

**एक खतियान के लिए 15 सौ रुपएः** गोपाल का आरोप है कि दलाल एक-एक खतियान निकालने के लिए 1500 रुपया मांग रहे हैं। परिमार्जन वाला कर्मचारी तो और भ्रष्ट है। कभी नाम गलत कर देगा तो कभी खाता नंबर या प्लाट नंबर ही गलत कर देगा। इसमें सुधार करने के लिए भी पैसा देना पड़ता है। कागजों में सुधरा करवाने के लिए बार-बार कार्यालय जाना पड़ता है। एक-एक परिमार्जन के लिए एक से दो-दो हजार रुपए की डिमांड की जाती है।



**एक नाम दर्ज कराने के लिए एक हजारः** दरभंगा जिले से नक्शा निकालने के लिए पटना के बिहार सर्वेक्षण कार्यालय पहुंचे सुभाष भी लैंड सर्वे से काफी परेशान हैं। वह कहते हैं कि, सरकार को इसके बारे में पहले बताना चाहिए था, पहले डॉक्यूमेंट्स मुहैया कराना चाहिए था।

**10 रुपए में मिल रहा 1 रुपए का टिकट, सर्वर में फंसा ऑनलाइन सिस्टम**

अचानक से लैंड सर्वे की घोषणा कर दी गई, अब आम आदमी कागज जुटाने में परेशान है। कार्यालयों का चक्कर काट रहा है, दलालों के जाल में फंस रहा है। ब्लॉक में सीओ कार्यालय में पैसे की वसूली हो रही है। पैसा नहीं देने पर कागज ही आगे नहीं बढ़ता है। आम इंसान सर्वे के चक्कर में काफी परेशान है।

**पैसा नहीं देने वालों का काम लटका रहेः** दरभंगा के सुभाष कहते हैं कि हर ब्लॉक में सीओ कार्यालय में पैसा मांगा जा रहा है। जितना पैसा दीजिएगा उतना जल्दी काम होता है। पैसा नहीं देने वालों का काम तो लटका दिया जाता है। सर्वे की घोषणा होने के बाद से ही कार्यालयों में दलाल पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। पहले तो भूले-भटके लोग ही आते थे, अब तो हर इंसान को कागज की जरूरत है।

सुभाष का आरोप है कि पैसा देने के बाद ही डॉक्यूमेंट निकलता है। ब्लॉक में तो घूस लेता ही है, परिमार्जन की रसीद के लिए भी डिमांड की जाती है, पैसा नहीं देने वालों का काम ही लटका दिया जाता है। मेरा काम सीओ कार्यालय में 10 दिनों से लटका पड़ा है। मैं 10 दिनों से कागज के लिए दौड़ रहा हूं। सर्वे के लिए डॉक्यूमेंट्स इकट्ठा करने में काफी परेशानी हो रही है।

**सरकार को पहले शिविर लगाना चाहिए थाः** दरभंगा के सुभाष और नौबतपुर के गोपाल के साथ अन्य रैयतों का कहना है कि सरकार को सर्वे से पहले पंचायत में शिविर लगाकर कागजात की व्यवस्था करानी चाहिए थी। कोई ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए थी जिससे आम आदमी को गांव में ही कागज की व्यवस्था हो जाए। सरकार को इतनी जल्दबाजी में सर्वे नहीं करवाना चाहिए था। सरकार को तो बस घोषणा करना होता है, आम आदमी कितना परेशान हो रहा है, इससे सरकार को कोई मतलब नहीं होता है। अब लोग बिहार के कोने-कोने से पटना में नक्साा के लिए दौड़ रहे हैं। हजारों रुपए खर्च कर पटना आते हैं, इसलिए जो भी पैसा मांगा जाता है देकर अपना काम करा रहे हैं।

**सर्वर में फंस गया ऑनलाइन सिस्टमः** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से आम जन की सुविधा के लिए ऑनलाइन सेवा शुरु की गई है। इसके तहत किसी भी खेसरा या प्लॉट में होने वाले बदलाव के संबंध में सूचना घर बैठे प्राप्त करने का दावा किया गया। बिहार सरकार द्वारा 6 सितंबर 2024 से राजस्व नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी सेवा की शुरुआत की गई है। ऑनलाइन नक्सा मंगाने के लिए www.dlrs.gov.in पर फॉर्म भरकर ऑनलाइन फीस जमा करने की व्यवस्था बनाई गई, लेकिन पूरा मामला सर्वर में फंस गया है। रैयतों की समस्या है कि फॉर्म फिलअप करने के दौरान ही सर्वर डाउन हो जाता है। कभी पेमेंट बीच में ही अटक जाता है तो कभी पेज ही हैंग हो जाता है। इस वजह से बिहार के अलग-अलग जिलों के लोगों को नक्शा निकालने के लिए बिहार सर्वेक्षण कार्यालय पटना आना पड़ता है।

नौबतपुर के बेलगांव के रहने वाले गोपाल कहते हैं कि सरकार बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के लिए रैयतो को कई ऑनलाइन सेवाएं देऐ का दावा कर रही है, लेकिन सब सिस्टम फेल है। इसके लिए जो वेबसाइट बनाई गई है, वह सही से काम नहीं कर रही है। सारा साइट ब्लॉक है, सर्वर भी डाउन रहता है। कभी आवेदन में परेशानी होती है तो कभी फॉर्म फिल होने के बाद भी पैसा नहीं कटता है। ऑनलाइन पेमेंट करने में परेशानी हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### तस्कर के चुंगल से 19 मवेशी को कराया मुक्त

**चा० भूमि मैनाटांड**। पुलिस ने गुप्त सुचना के अनुसार बुधवार रात्रि को पदमौल गाँव से तस्कर के चुंगल से 19 मवेशी को मुक्त कराया है। जो भारत से नेपाल की ओर ले जाया जा रहा था। वही इस सन्दर्भ में मैनाटांड थाना अध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया की 19 मवेसी को पशु तस्कर के चुंगल से मुक्त कराया गया है। रात के अंधेरा का फायदा उठा कर तस्कर फरार हो गया है।अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज़ कर अग्रसर कार्यवाही की जा रही है।

### मगरमच्छ के हमले में युवती घायल

**चा० भूमि वाल्मीकिनगर**। थाना क्षेत्र के सोहरिया गांव निवासी 16 वर्षीय युवती सुगंधा कुमारी पिता- हीरालाल मांझी पर मगरमच्छ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना तब हुई जब वह नहर में मछली पकड़ने गई थी। अचानक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मगरमच्छ के हमले में उसका हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में घायल को एक निजी क्लीनिक ले जाया गया।जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा रेफर कर दिया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत स्थिर है। घटना से इलाके के लोग भयभीत हैं और उन्होंने प्रशासन से मगरमच्छों की बढ़ती संख्या पर कार्रवाई की मांग की है।

### भाभी ने देवर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**चा० भूमि नरकटियागंज**। शिकारपुर थाना में पीड़ित महिला ने पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस द्वारा आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्जकर जांच में जुटी हुई है। पीड़िता ने महिला पुलिस को बताया कि उसका पति विदेश में काम करता है। वह अपनी एक छोटी बच्ची के साथ घर में रहती है। उसकी शादीशुदा देवर भी घर पर ही रहता है। देवर की पत्नी मायके गई हुई है। जिसका फायदा उठाकर वह बराबर छेड़छाड़ करता रहता है। उसने पुलिस को बताया कि देवर की छेड़खानी को वह मजाक समझ रही थी। लेकिन रात में अचानक उसका देवर उसे बच्ची के लिए मिठाई देने के बहाने बुलाया। उसने बताया कि जब वह कमरे में गई तो देवर ने तुरंत दरवाजा बंद कर उससे दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। किसी तरह वह भागकर अपनी आबरू बचा ली।

### झोपड़ीनुमा घर से गांजा बरामद तस्कर भी धराया

**चा ० भूमि,मैनाटांड़**। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार के अपराह्न थाना क्षेत्र के पदमौल गांव से एक घर से गांजा बरामद किया है । मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि पदमौल गांव स्थित एक भूसौली में गांजा छुपा कर रखा हुआ है । तुरंत दरोगा तपेश्वर सिंह, दरोगा जय भगवान कुमार सहित पुलिस बल को भेज कर सूचनार्थ जगह पर कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान पदमौल के नौशाद आलम के भूसौली से पांच किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई करते हुए गृह स्वामी नौशाद आलम को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर नौशाद आलम को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ ने किया निरीक्षण

**चाणक्य भूमि बेतिया**। चनपटिया प्रखंड के गिद्दा एवं दक्षिण घोंघा पंचायत के एक दर्जन केंद्रों का निरीक्षण गुरुवार सीडीपीओ सावित्री दास ने किया। जिसमे दक्षिण घोंघा पंचायत के केंद्र संख्या 45 पर बच्चे कम पाए गए। जिसपर सीडीपीओ बिफर गई। सेविका को कड़ी चेतावनी देते हुए। इसमें सुधार की चेतावनी दी अन्यथा चयन मुक्त कर दिया जाएगा। वहीं केंद्र संख्या 35 गिद्दा का संचालन सही पाया गया। केंद्र संख्या 145 पर टीकाकरण कार्य भी किया जा रहा था। केन्द्र संख्या 219, 33, 34 आदि का भी निरीक्षण सीडीपीओ द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलएस ममता कुमारी भी उपस्थित थी।

### दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**चा० भूमि नरकटियागंज**। नरकटियागंज प्रखंड के कटघरवा वृति टोला में दुर्गा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली। कलश यात्रा में शामिल 251 कुंआरी कन्याओं ने पंडई नदी के उत्तरवारी वाहिनी से जल भराई किया। इसकी जानकारी देते हुए यजमान रमेश चौरसिया, सनम देवी और दीपक पांडेय ने बताया कि कटघरवा और सोनासति वृति टोला के बीचों-बीच दुर्गा मंदिर की स्थापना की गई है।इस दुर्गा मंदिर में मुस्लिम युवक औरंगजेब आलम ने कौमी एकता का मिशाल पेश किया हैं युवक ने मंदिर निर्माण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कलश यात्रा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया हैं जिससे स्थाई दुर्गा मां की स्थाई प्रतिमा स्थापित हो गई है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई है। कलश यात्रा पुलिस की देखरेख में निकाली गई। कलश यात्रा में मंदिर के कार्यकर्ता लालबाबू पाल, कौशल्या देवी, संजय पांडेय, सुरेंद्र पटेल, नरेश राम, औरंगजेब, तुफानी पटेल, सुरेश चौरसिया,मनोज बाबा ,उमेश पटेल आदि शामिल रहे।

### सीआई के साथ मारपीट मामले में सरपंच गिरफ्तार

**चा० भूमि मेहसी**। मेहसी-अंचल निरीक्षक अनिल कुमार के साथ अंचल कार्यालय में घुस कर मारपीट व सरकारी कागज़ात को फाड़ने देने के मामले का आरोपी हरपुर पंचायत के सरपंच अजय सिंह को पुलिस ने गुरुवार की सन्ध्या हरपुर नाग गांव से गिरफ्तार कर लिया है।बताते चलें कि शनिवार को जनता दरबार से लौट रहे अंचल निरीक्षक अनिल कुमार अंचल कार्यालय पहुंचे कार्यालय का ताला खोलकर कार्यालय में घुसे तभी सरपंच सहित तीन लोगों द्वारा कार्यलय में घुस कर सरकारी कागज़ात फाड़ने व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए प्राथिमिकी दर्ज कराया था ।अनुसन्धान कररहे अपर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया दो अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापे मारी की जारही।पुष्टि थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार भट ने किया है।

# 22वां प्रांतीय विज्ञान गणित एवं संगणक मेला का उद्घाटन

**चा० भूमि गौनाहा**

22वां प्रांतीय विज्ञान गणित एवं संगणक मेला का उद्घाटन गोदावरी देवी रामचंद्र प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर पुरानी बाजार नरकटियागंज में लोक शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव श्री रामलाल सिंह ,

अनुमंडल पदाधिकारी श्री सूर्य प्रसाद गुप्ता, राजकीय प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ विजय कुमार गुप्ता, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री हरी लाल , नगर सभापति श्रीमती रीना देवी, उपसभापति श्रीमती पूनम देवी, विद्यालय प्रबंधकारिणी कारिणी समिति के अध्यक्ष श्री वर्मा प्रसाद जी, समिति सदस्या श्रीमती प्रियंका भारती, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री वाणी कांत झा, चंपारण विभाग के जिला निरीक्षक श्री अनिल कुमार राम, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव श्री रामलाल सिंह जी ने कहा कि कुछ बनने के लिए कुछ पाने के लिए कर्तव्य करना चाहिए। शिक्षा पद्धति

**» अनुमंडल पदाधिकारी और गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया 22वां प्रांतीय विज्ञान गणित एवं संगणक मेला का उद्घाटन**

का आधार अच्छा इंसान बनना और धर्म के आधार को सफल होने के लिए तथा भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए पांच मंत्रो की चर्चा की। वैदिक गणित और विज्ञान के महत्व की चर्चा की।

उन्होंने यह भी बताया चंद्रयान 3 की सफलता में 16 वैज्ञानिक में आठ वैज्ञानिक विद्या भारती के ही थे। उन्होंने वैदिक गणित के बारे में बताया कि स्नातक की पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया गया है जो संगणक से भी जल्दी गणना करता है।

वही अनुमंडल पदाधिकारी श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा की विद्या भारती के विद्यालय में भैया बहनों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। अध्यक्ष श्री वर्मा प्रसाद ने लोक शिक्षा



समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। जिन्होंने विज्ञान गणित एवं संगणक मेला आयोजित करने की अनुमति दी।

सभापति रीना देवी ने कहा आज के बदलते परिवेश में भैया बहनों में कोई अंतर नहीं है। जिला निरीक्षक श्री अनिल कुमार राम ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय

प्रबंधकारिणी समिति के अधिकारियों एवं सदस्यों का विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के 1000 भैया बहन 8 पूर्णकालिक कार्यकर्ता 30 निर्णायक की उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम बिहारी सिंह, नितेश कुमार वर्मा, विनोद कुमार दुबे प्रेमचंद्र मिश्रा रविंद्र दुबे ,अभय तिवारी, प्रभेश तिवारी, मेघना खर्दवाल, सोनी कुमारी, दिनेश प्रसाद कुशवाहा, स्मिता कुमारी, सविता कुमारी , पिंटू कुमार,सुरेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार शरण ,मलय निरभ, शिव जी साह , नितिन कुमार रवि, नीता मेहता आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## अंचल कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**चाणक्य भूमि मधुबनी**

डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में लदनियां प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने साफ-सफाई पर काफी असंतोष व्यक्त करते हुए नियमित रूप से साफ सफाई का निर्देश दिया। आगे जांच के क्रम में कुछ पंजीयों एवं अभिलेख अधतन संधारित नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी पंजियो को हर हाल में अधतन रखें। आगे उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण को लेकर भी प्रखंड विकास पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरटीपीएस, लोक शिकायत, सूचना का अधिकार एवं न्यायालय में लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए, इसका स_समय निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही आगे कहा कि जन शिकायतों को पूरी गम्भीरता से लेकर उसका स_समय निष्पादन करें तथा अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले थाना दिवस पर प्राप्त शिकायतों के आलोक में उसका त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करें।

## गौनाहा के दिलशाद आलम ने थामा कांग्रेस का दामन

**चा० भूमि गौनाहा**

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राजद के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष दिलशाद आलम ने गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस का दामन थामा। बिहार अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष जनाब उमैर खान ने श्री आलम को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। बता दें कि श्री आलम राजद के एक सक्रिय और क्रांतिकारी कार्यकर्ता थे जिनकी भूमिका पार्टी के किसी भी कार्यों में अग्रणी और सराहनीय रहती थी। इसी सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष जनाब उमैर खान ने श्री आलम को गौनाहा प्रखण्ड कांग्रेस अल्पसंख्यक पद सौपा है। श्री खान ने कहा कि मैं दिलशाद आलम को व्यक्तिगत तौर पर अच्छा से जानता हूं वे एक क्रतिकारी साथी हैं उन जैसे जुझारू युवा को राहुल गांधी के सपने नफ़रत छोड़ो भारत जोड़ों के सपनो को



साकार करने में काफी मदद मिलेगी। और चंपारण में खासकर गांधी की सत्याग्रह की धरती गौनाहा में कांग्रेस को काफी मजबूती मिलेगी। श्री आलम को कांग्रेस में शामिल होने से कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है।

इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी इरशाद हुसैन, जयेश सिंह, पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, अनुराग सिंह, अमजद अली, डा नौशाद आलम, कटहरी पब्लिक स्कूल के सचिव भाई अबु बकर, वशी अहमद, एजाज अहमद, तुफैल अनवर, डा शम्स आगाज, कांग्रेस के प्रखण्ड अध्यक्ष शकील अहमद, कृष्णा यादव इत्यादि कांग्रेस जनों ने दिलशाद आलम को बधाई दी है।

## वाल्मीकिनगर सांसद ने बाढ़ पीड़ितों का जाना हाल

**चा० भूमि बगहा**

वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार बुधवार को दिल्ली से लौटते ही वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बगहा एक प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों जैसे चखनी, रजवटिया सिसवा बसंतपुर, छतरौल, बरियरवा, मुडिला, आदि जगहों का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। सांसद सुनील कुमार ने मौके पर संबंधित पदाधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण,बाढ़ पीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचेन और गुणवत्तापूर्ण कटाव निरोधक कार्य के लिए निर्देशित किया व कई पदाधिकारियों की लापरवाही पर उन्हें जमकर फटकार भी लगाई साथ ही कार्यपालक अभियंता को मिट्टी की जगह बोरी में बालू भरने और अंचलाधिकारी को अंचल क्षेत्रों में भी जहाँ जरूरी हो कम्युनिटी किचेन शुरू करवाने का निर्देश दिया।

वाल्मीकिनगर सांसद के साथ दौरे पर पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह,जदयू नेता विजय कुमार पांडेय,राकेश सिंह,वीरेंद्र कुशवाहा,दयाशंकर सिंह,जदयू प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुशवाहा,इज़हार सिद्दीकी,अमर चौधरी,दिवाकर चौधरी,सुरेश यादव और सत्येंद्र कुमार साथ रहे।इसके पूर्व सांसद श्री कुमार ने बगहा दो आईबी में कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्याओं को भी सुना।



**» सांसद ने क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, बाढ़ पीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचेन और गुणवत्तापूर्ण कटाव निरोधक कार्य के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिया निर्देश**

## जत्थे द्वारा मंदिर प्रबंधन के वरीय प्रभारी श्री संजय दास जी महाराज को ख्यातिलब्ध मंदिर - नीलकण्ठ नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का फोटो फ्रेम, चूरा तथा वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय चम्पारण का बासमती चावल सप्रेम भेंट किया

**चा० भूमि रामनगर**

विगत दिन रामनगर पश्चिमी चंपारण से प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक जत्था अयोध्या स्थित रामलला मंदिर दर्शन करने गया था। जहाँ जत्थे का नेतृत्व कर रहे स्टेशन मास्टर व वरिष्ठ समाजसेवी शिशिर राय ने बताया कि जत्थे द्वारा चम्पारण जिले का सर्वाधिक ख्यातिलब्ध मंदिर - नीलकण्ठ नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का फोटो फ्रेम, चूरा तथा वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय चम्पारण का बासमती चावल मंदिर प्रबंधन के वरीय प्रभारी श्री संजय दास जी महाराज को सप्रेम भेंट किया।



यह जत्था रामनगर (बिहार) से दिनांक 30 सितंबर को अमृत भारत ट्रेन से अयोध्या धाम यात्रा पर निकले थे । किर्तन मंडली के साथ निकले इस जत्थे में वरिष्ठ नागरिक, महिला और बच्चे भी शामिल थे । पूरे रास्ते भर भजन किर्तन में झुमते गाते व श्री राम का जयकारा लगाते हुए भक्तों ने सरयू नदी में स्नान कर हनुमानगढ़ी, रामलला दर्शन, दशरथ महल कनक मंदिर नन्दी ग्राम आदि प्रमुख स्थलों का दर्शन किया ।

यात्रा में मधुकर राय , जितेंद्र गुप्ता , सोनू शुक्ला , संजय मिश्रा , राहुल गुप्ता , सौरभ पांडेय , सुमन सिंह , आनंद सिंह , कन्हैया राय , दिलीप अमृत , मणि सिंह , महेंद्र सोनी , आनंद शर्मा , विजय पटेल , सुरज पाण्डेय , निखिल टिबडीवाल, डब्ल्यू सिंह, रवि सोनी आदि लोग शामिल हुए । यात्रा को प्रोत्साहित करने में सुशील छापोलिया, दिनेश मुखिया , सुजल सिंह , जुगनू सिंह , अनुप उपाध्याय आदि सभी लोगों की भूमिका रही ।

## इंडो नेपाल बार्डर सड़क निर्माण में आये अवरोध को किया गया दूर

**चा० भूमि मैनाटाड़**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखवा बसंतपुर गांव के पास इंडो नेपाल बार्डर सड़क निर्माण में भू धारी द्वारा किये जा रहे अड़चन को सीओ आशीष आनंद, गोविंद कुमार, दरोगा तपेश्वर सिंह आदि के उपस्थिती में गुरुवार को दूर किया गया। अधिकारियों के देखरेख में सड़क निर्माण कार्य आरंभ कराया गया।सीओ आशीष आनंद ने बताया कि इंडो नेपाल बार्डर सड़क में शेखवा बसंतपुर के पथ के एलाटमेंट कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। जिससे सड़क का कार्य वहां पर बाधित है। सीओ ने बताया कि उक्त मौजा में पथ एलाटमेंट में पड़ने वाली जमीन बकास्त वृतदार



किस्म का है। जिसके भुगतान की मांग भू धारी द्वारा की जा रही है। साथ ही कार्य नहीं करने दिया जा रहा है।

ऐसे में अवरोध दूर करने के लिए एसडीएम के निर्देश के आलोक में सड़क निर्माण में हो रही अड़चनों को आज दूर कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## घटिया चावल आपूर्ति को लेकर डीलरों ने किया प्रदर्शन



**चा० भूमि मझौलिया**

एफएफसी गोदाम मझौलिया से जनवितरण दुकानदारों को घटिया चावल देने को लेकर गुरुवार को गोदाम पर डीलरों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी डीलरों में प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, मैनेजर यादव, राजेश वर्णवाल, अब्दुल रजाक अंसारी,राम सुरत राम, नागेंद्र सिंह, बालरुप साह , राम विनय कुशवाहा, देवशरण प्रसाद आदि ने बताया कि पिछले माह भी इस घटिया चावल को लेकर डीलरों ने बैठक की और बिरोध जताया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से दो दर्जन से अधिक डीलरों ने शिकायत की, परंतु सुधार नहीं हुआ। डीलरों ने बताया कि इस गोदाम पर गोदाम मैनेजर के नहीं आने से घटतौली होना आम बात है।डीलर फेयर प्राईस एसोसिएशन के प्रखंड सचिव मैनेजर यादव ने बताया कि इस मामले की जबतक जांच नहीं की जाती तबतक राशन का उठाव नहीं होगा।बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र के डीलर इस मुद्दे पर गोलबंद हो गये है।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं के हीमोग्लोबिन की हुई जांच

**चाणक्य भूमि मोतिहारी**

शहर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नंदपूर ढेकहाँ, सदर प्रखंड मोतिहारी, में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं की स्वास्थ्य जाँच डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के चिकित्सकों द्वारा किया गया। विद्यालय के लगभग 110 बालिकाओं की जाँच की गई।जिनमें सदर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा बालिका विद्यालय में 23 बालिकाओं की हीमोग्लोबिन की जाँच की गई। जिसमें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ खालिद अख्तर ने बताया की बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया एवं आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां दी गई।

**» आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां की गई वितरित चक्कर आना, थकान, या सिर घूमना, दिल की तेज़ धड़कन या त्वचा का पीलापन एनीमिया के लक्षण**

जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया कि माहवारी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिससे घबराने या भयभीत होने ही आवश्यकता नहीं है किशोरियों में माहवारी की शुरुआत 8 वर्ष से 12 वर्ष के बीच हो जाता है बल्कि इस समय हमे अपने निजी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। माहवारी के समय संक्रमण से बचने हेतु सैनिटरी नैपकिन का



प्रयोग आवश्यक है। डॉ श्रवण पासवान ने बताया की एनीमिया के शिकार महिलाओ को चक्कर आना, थकान, या सिर घूमना, दिल की तेज़ धड़कन या धकधकी होना, त्वचा का पीलापन, नाज़ुक नाखून, सांस फूलना या सिरदर्द लक्षण हो सकते है वहीं इससे बचाव को आयरन से भरपूर आहार खाना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, खुबानी, अंडे, दालें, नारंगी, मौसमी फल का खूब सेवन,खजूर, आदि आयरन सम्पन्न आहार का सेवन आवश्यक है। मौके पर डॉ खालिद अख्तर,चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ मोफीज़ अहमद, डॉ सिलकी सलोनी, फार्मासिस्ट शकील अनवर एवं वीणा द्विवेदी ए. एन. एम व अन्य लोग मौजूद थे।

# वेस्टइंडीज के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए जोश बटलर की इंग्लिश टीम में वापसी

**एजेंसी, लंदन**



वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिए नियमित सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर की इंग्लैंड की टीम में वापसी होगी। इंग्लिश टीम वेस्टइंडीज दौरे पर इस साल अक्टूबर-नवंबर में तीन टी20 और पाँच वनडे खेलेगी। बटलर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और वनडे मैचों में नहीं खेल पाए थे क्योंकि वे पिंडली की चोट से उबर रहे थे। इंग्लैंड ने टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी शामिल किया है, जिसमें 22 वर्षीय यॉर्कशायर के लेग स्पिनर जाफर चौहान शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम में पहली बार शामिल किया गया है। वह साउथ एशियन क्रिकेट अकादमी के पहले स्नातक हैं। अन्य दो अनकैप्ड खिलाड़ी जॉन टर्नर और डैन मूसली हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा थे। इंग्लैंड ने 14 खिलाड़ियों की शुरुआती टीम चुनी है, और 28 अक्टूबर को रावलपिंडी में होने वाले सीरीज के तीसरे मैच के शुरू होने के बाद पाकिस्तान में टेस्ट टीम से दो और खिलाड़ी शामिल किए जाएंगे। बटलर की जगह ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इंग्लैंड की अगुआई करने वाले हैरी ब्रूक टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। कैरेबियाई दौरे की शुरुआत वनडे से होगी - पहले दो मैच 31 अक्टूबर और 2 नवंबर को एंटीगुआ में होंगे, उसके बाद 6 नवंबर को तीसरे मैच के लिए बारबाडोस जाएंगे। पांच टी20 मैच 9 से 17 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीमः जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करन, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, जॉन टर्नर।

## भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के उल्लंघन के लिए श्रीलंकाई स्पिनर जयविक्रमा पर लगा एक साल का प्रतिबंध

**एजेंसी, नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर एक वर्ष के लिए सभी प्रकार के क्रिकेट से प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें से अंतिम छह महीने निलंबित हैं, क्योंकि उन्होंने वैश्विक संस्था की भ्रष्टाचार रोधी संहिता का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की है। अगस्त में आईसीसी ने जयविक्रमा पर संहिता के दो उल्लंघनों का आरोप लगाया। उन्होंने अनुच्छेद 2.4.7 का उल्लंघन करना स्वीकार किया है, जो एसीयू [भ्रष्टाचार निरोधक इकाई] द्वारा की जा रही किसी भी जांच में बाधा डालना या देरी करना, जिसमें किसी भी दस्तावेज या अन्य जानकारी को छिपाना, छेड़छाड़ करना या नष्ट करना शामिल है जो उस जांच के लिए प्रासंगिक हो सकती है और/या जो सबूत हो सकती है या भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण के सबूत की खोज का कारण बन सकती है, से संबंधित है।" आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, ये आरोप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) से संबंधित हैं। अप्रैल 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले जयविक्रमा ने पांच टेस्ट, पांच वनडे और पांच टी20 मैच खेले हैं। श्रीलंका के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में था। एलपीएल 2021 में, जयविक्रमा जाफना किंग्स की टीम का हिस्सा थे जिसने अपना दूसरा खिताब जीता। उन्होंने उस सीजन में एक मैच खेला था, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए थे।

## लीमा जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिपः खुशी ने कांस्य पदक जीता, भारत के पदकों की संख्या 15 हुई

**एजेंसी, लीमा**



खुशी ने पेरू के लीमा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के पदकों की संख्या 15 हो गई। इन 15 पदकों में 10 स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में शीर्ष पर विराजमान है। युवा खिलाड़ी ने फाइनल में 447.3 अंक हासिल किए और नॉर्वे की कैरोलिन लुंड से पीछे रहीं, जिन्होंने 458.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। कैरोलिन की हमवतन सिनोव बर्ग ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। खुशी क्वालिफिकेशन में 585 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह पक्की की। मुकाबला इतना कड़ा हो गया कि चार अन्य खिलाड़ियों का स्कोर भी समान था, फिर भी खुशी और इटली की अन्ना शियावोन ने आंतरिक 10 रिंग में 29 शॉट के आधार पर अंतिम दो क्वालीफाइंग स्थान हासिल कर लिए, जबकि दो स्विस एथलीट एलेक्सा टेला और एमिली जैगी 27 शॉट ही बना पाईं। खुशी काउंटबैक में अन्ना से आगे रहीं। आठ महिलाओं के फाइनल में, खुशी पहले दो शॉट के अंत में चौथे स्थान पर थी, घुटने टेकने और लेटने की स्थिति में, लेकिन 40वें शॉट के अंत में नॉर्वे की पेरनील नोर-वोल को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुँच गई, जो कि खड़े होने की स्थिति में 10वाँ शॉट था। 45 शॉट के फाइनल में सिनोएव और कैरोलीन के बीच शीर्ष दो के लिए अपनी-अपनी लड़ाई थी। खुशी 41वें शॉट पर 9.1 के साथ फिर से लड़खड़ाईं, जिससे वह फिर से पांचवें स्थान पर आ गईं, लेकिन 42वें शॉट पर शानदार 10.7 और 43वें शॉट पर 10.4 के स्कोर ने कड़ी मेहनत के साथ पदक सुनिश्चित किया। जूनियर महिला 3पी में टीम स्पर्धा में साक्षी पाडेकर, मेलविना जोएल ग्लैडसन और प्राची गायकवाड़ की तिकड़ी 1757 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। अनुष्का ठाकुर ने भी क्वालीफिकेशन में 585 अंक बनाए, लेकिन इनर-10 रिंग में 26 हिट के कारण वह 11वें स्थान पर रहीं। साक्षी, मेलविना और प्राची क्रमशः 24वें, 32वें और 41वें स्थान पर रहीं।

## एशिया रग्बी सेवेंस ट्रॉफीः शिखा, मोहित की अगुआई में भारतीय टीमें शुक्रवार को करेंगी अपने अभियान की शुरुआत

**एजेंसी, काठमांडू**



भारतीय रग्बी पुरुष और महिला टीमें 4 और 5 अक्टूबर को यहां होने वाली एशिया रग्बी सेवेंस ट्रॉफी (एआरएसटी) में भाग लेंगी। शिखा यादव और मोहित खत्री को अपनी-अपनी टीमों का कप्तान बनाया गया है। पुरुष टीम शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ, जबकि महिला टीम श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। महिला टीम पिछले तीन सालों से रजत पदक जीतने के अपने सिलसिले को इस बार स्वर्ण में बदलना चाहेगी। दूसरी ओर, पिछले साल पांचवें स्थान पर रहने वाली पुरुष टीम अपने प्रदर्शन को बेहतर करने और अपने स्तर को ऊपर उठाने की कोशिश करेगी। पुरुष और महिला दोनों टीमें 2 अक्टूबर को नेपाल के लिए रवाना हुईं। नेपाल रवाना होने से पहले विशेष रूप से नए भारतीय 7एस हेड कोच वैसाले सेरेवी के नेतृत्व में एशिया रग्बी सेवेंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए साई, कोलकाता में कठोर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, "भारतीय राष्ट्रीय 7एस टीमों का हमेशा से लक्ष्य एशिया रग्बी सेवेंस सीरीज से आगे पहुंचना रहा है। हम एआरएसटी के इस विशेष संस्करण को उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं। टीम में जगह बनाने वाले पुरुषों और महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई। आप देश और खेल के लिए गौरव लाएँ।"

## ईरानी कपः बुखार से जूझ रहे शार्दुल ठाकुर को अस्पताल से मिली छुट्टी

**एजेंसी, लखनऊ**



भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शेष भारत के खिलाफ चल रहे ईरानी कप में मुंबई की पारी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाले शार्दुल ठाकुर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बुधवार को वायरल संक्रमण के कारण उन्हें मेदांता में भर्ती कराया गया था। ठाकुर को उनकी बीमारी के कारण देर से बल्लेबाजी करने के लिए बचाया गया था, लेकिन मोहित अवस्थी के दूसरे दिन आउट होने के बाद उन्हें मैदान में उतारा गया। जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ी, ठाकुर की तबीयत बिगड़ती गई और दिन का खेल समाप्त होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बुखार से जूझने के बावजूद ठाकुर 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे और गर्मी और उमस भरी परिस्थितियों में 59 गेंदों पर 36 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लखनऊ में भीषण गर्मी में उन्हें सिर पर तौलिया बांधकर बल्लेबाजी करते देखा गया। सरफराज खान के साथ उनकी साझेदारी ने स्टंप्स से पहले सरफराज खान को ऐतिहासिक दोहरा शतक बनाने में मदद की।

## एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम की तैयारी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सैफ अंडर-17 चैंपियन भारतीय टीम महत्वपूर्ण एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी में जुट गई है। हाल ही में भारतीय पुरुष अंडर-17 टीम ने भूटान में सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश की टीम को 2-0 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा है। खिताब जीत का जश्न मनाने के बाद भारतीय टीम ने अब 23 से 27 अक्टूबर तक थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए तैयारी शुरू कर दी है। हेड कोच इश्फाक अहमद ने गुरुवार को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से जारी बयान में टीम को और अधिक मेहनत करने की जरूरत बताई। हेड कोच अहमद, जिन्होंने इसी टीम के साथ लगातार दो सैफ खिताब जीते हैं, ने कहा, "हम मंगलवार शाम को श्रीनगर लौटे, बुधवार को आराम किया और गुरुवार सुबह रिकवरी सेशन के बाद अपनी सामान्य ट्रेनिंग रूटीन पर लौट आए।"

उन्होंने कहा कि सफलता को दोहराना आसान नहीं है और मैं इस पर बहुत जोर दे रहा हूं। अगर आप एक अच्छी फुटबॉल टीम बनना चाहते हैं, तो आपको हमेशा लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा और पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। हमारे प्रतिद्वंद्वी भी पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन, एशियाई कप क्वालीफायर से पहले हमें अभी भी बहुत मेहनत करने की जरूरत है।

# व्यापार

# देश में नवरात्रि पर 50 हजार करोड़ से ज्यादा के व्यापार का अनुमानः कैट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



नवरात्रि का त्योहार गुरुवार से प्रारंभ हो गया है। देश में 10 दिनों तक चलने वाले इस त्योहारी सीजन में नवरात्रि, रामलीला, गरबा और डांडिया जैसे उत्सव बड़े धूम-धाम से मनाए जाते हैं। इससे देशभर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) को इन उत्सवों से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार होने का अनुमान है, जिसमें दिल्ली में ही करीब 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली सहित देशभर में अगले एक महीने तक त्योहारों की धूम रहेगी। इसके चलते अर्थव्यवस्था को भी पंख लग जाएंगे। नवरात्रि के दौरान होने वाले उत्सवों से बाजारों में रौनक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे व्यापारियों को काफी फायदा होगा। कैट के एक अनुमान के मुताबिक अगले 10 दिनों में देशभर में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की संभावना है। अकेले दिल्ली में ही करीब 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दस दिन का यह व्यापार करीब 35 हजार करोड़ रुपये का था।

खंडेलवाल ने बताया कि त्योहारों में खरीदारी की विशेष बात ये है कि बेचे जाने वाले अधिकांश भारतीय उत्पाद ही होंगे। क्योंकि लोगों का चीन से बने सामानों से अब मोहभंग हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर "वोकल फॉर लोकल" तथा "आत्मनिर्भर भारत" अभियान ने देश में भारतीय सामानों की गुणवत्ता को बढ़ाया है। अब भारत में बने सामान किसी भी विदेशी सामान से बेहतर हैं। यही कारण है कि उपभोक्ता का रुझान अब भारतीय वस्तुओं की खरीदारी पर है। उन्होंने बताया कि अकेले दिल्ली में छोटी बड़ी लगभग एक हजार से अधिक रामलीला आयोजित की जाती हैं। वहीं, सैकड़ों दुर्गा पूजा के पंडाल लगते हैं। गुजरात में होने वाले डांडिया और गरबा के कार्यक्रम बड़े पैमाने पर अब दिल्ली सहित देशभर में आयोजित होते हैं और करोड़ों लोग त्योहारों की खुशियां मनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि त्योहार मनाने से घरों में सौभाग्य एवं संपन्नता का वास होता है। उन्होंने बताया कि इस त्योहारी सीजन में कपड़े एवं परिधान खासकर पारंपरिक परिधान जैसे साड़ी, लहंगा, और कुर्ते की मांग नवरात्रि और रामलीला के दौरान काफी बढ़ती है। पूजा और धार्मिक आयोजनों के लिए लोग नए कपड़े खरीदते हैं, जिससे इस श्रेणी में व्यापार में उछाल देखने को मिलता है। वहीं, बड़े पैमाने पर पूजा सामग्री की मांग भी होती है। पूजा के लिए आवश्यक वस्तुएं जैसे फल, फूल, नारियल, चुनरी, दीपक, अगरबत्ती, और अन्य पूजन सामग्रियों की भारी मांग रहती है। खाद्य एवं मिठाई अन्य वस्तुएं हैं जिसको इन त्योहारों के दौरान लोग खरीदते हैं। हलवा, लड्डू, बर्फी और अन्य मिठाइयों की खपत इस दौरान बढ़ जाती है। वहीं बड़ी मात्रा में फलों और फूलों की भी मांग रहती है। त्योहारों में घर और पूजा पंडालों को सजाने के लिए साज-सज्जा के सामान, जैसे दीयों, बंदनवार, रंगोली सामग्री, और लाइटिंग की मांग बढ़ती है। खंडेलवाल ने कहा कि इन दस दिनों के त्योहारी सीजन में पंडाल बनाने के लिए टेंट हाउस, सजाने के लिए सजावटी कंपनियां आदि को बढ़ा व्यापार मिलता है। इस मौके पर देशभर में बड़ी मात्रा में मेले तथा उत्सव संबंधी हजारों आयोजन होते हैं जिसमें लाखों लोग भाग लेते हैं। खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता और व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करते हैं।

## आईपीओ लॉन्चिंग के लिहाज से रिकॉर्डतोड़ महीना बना सितंबर, 51 इश्यू के जरिये 12,500 करोड़ जुटाए गए

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार में आईपीओ लॉन्चिंग के मामले में सितंबर एक रिकॉर्ड तोड़ महीना साबित हुआ है। इस महीने 51 आईपीओ के जरिए 12,500 करोड़ रुपये से भी अधिक की राशि जुटाई गई, जो एक रिकॉर्ड है। आईपीओ की ताबड़तोड़ लॉन्चिंग में मेनबोर्ड सेगमेंट के 12 पब्लिक इश्यू सितंबर के महीने में आए। ये साल 2024 के किसी एक महीने में मेनबोर्ड सेगमेंट में आए आईपीओ का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मेनबोर्ड सेगमेंट के 12 आईपीओ के जरिए 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई गई। मेनबोर्ड सेगमेंट के अलावा सितंबर के महीने में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एसमएमई सेगमेंट के 39 आईपीओ की लांचिंग हुई। इस तरह एसएमई आईपीओ के मामले में सितंबर का महीना पिछले 10 वर्षों का सबसे एक्टिव महीना बन गया। सितंबर में लॉन्च हुए इन 39 आईपीओ के जरिए 1,540 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जुटाई गई। इस तरह सितंबर के महीने में मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट को मिलाकर 51 आईपीओ के जरिए कुल 12,540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि कलेक्ट हुई। सितंबर का महीना आईपीओ लाने के लिए मार्केट रेगुलेटर के पास की जाने वाली ड्राफ्ट फाइलिंग के मामले में भी नए रिकॉर्ड बनाता नजर आया। सितंबर के महीने में 40 कंपनियों ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास आईपीओ लाने के लिए डॉक्यूमेंट जमा कराया। इतना ही नहीं सितंबर खत्म होने के अगले ही दिन 1 अक्टूबर को भी आधा दर्जन कंपनियों ने ड्राफ्ट फाइलिंग की। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि घरेलू शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी के कारण देश में आईपीओ की लहर बनी है। बाजार में यदा कदा लगने वाले झटकों की बात को छोड़ दिया जाए, तो आमतौर पर इस साल घरेलू शेयर बाजार की रफ्तार लगातार तेज बनी रही है। इस साल आईपीओ का एवरेज रिटर्न और इनवेस्टर्स रिस्पॉन्स भी जोरदार रहा है। यही कारण है कि मार्केट एनालिस्ट मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में भी आईपीओ लांचिंग की गति जारी रहने की उम्मीद जता रहे हैं। आईपीओ लॉन्चिंग में आई तेजी को देखते हुए कुछ मार्केट एक्सपर्ट्स छोटे निवेशकों को सतर्क रहने की भी सलाह दे रहे हैं। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ लॉन्चिंग के लिहाज से पिछले दो दशक के दौरान 2004 को सबसे अधिक एक्टिव साल माना जा सकता है।

मजबूत लिक्विडिटी और खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के कारण प्राइमरी मार्केट में लांच होने वाले कई आईपीओ को जबरदस्त ओवर सब्सक्रिप्शन मिल रहा है। इसकी वजह से आईपीओ मार्केट में उन्माद की स्थिति बन गई है। कम समय में बड़ी कमाई करने के लालच में निवेशकों का एक बड़ा वर्ग आईपीओ में पैसे लग रहा है। ऐसी स्थिति में जब भी आईपीओ मार्केट का बुलबुला फूटेगा, तब बाजार को भी जोरदार झटका लगेगा।

## अमेरिका-भारत सीईओ फोरम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने की जताई प्रतिबद्धता

**एजेंसी, वाशिंगटन/नई दिल्ली**



अमेरिका और भारत सीईओ फोरम ने द्विपक्षीय व्यापार एवं वाणिज्य का विस्तार करने, समावेशी आर्थिक वृद्धि और नवाचार को बढ़ाने तथा मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है। वाशिंगटन डीसी में 6वें भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक हुई, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो ने की। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को 'एक्स' पोस्ट पर दी जानकारी में कहा कि भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के दौरान बुधवार को दोपहर के भोजन के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो के साथ एक सार्थक बैठक हुई है। गोयल ने आगे लिखा है कि हमारी चर्चा रक्षा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, एआई और स्वच्छ ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तकनीक और अनुसंधान एवं विकास सहयोग की संभावनाओं पर केंद्रित थी। गोयल ने आगे कहा कि हमने आपसी विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत में आगामी 20 औद्योगिक शहरों में अमेरिकी निवेश के अवसरों पर भी चर्चा की। इस बैठक के दौरान रायमोंडो और वाणिज्य मंत्री ने पिछले दो वर्षों में मंच के सदस्यों द्वारा की गई सिफारिशों और उनकी पहलों की सराहना भी की गई। बैठक में मंच की उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। मंच के सदस्य 22 अमेरिकी कंपनियों और 25 भारतीय कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## नवरात्रि के पहले दिन महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी आ गई है। हालांकि चांदी के भाव में गुरुवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में उछाल आने के कारण आज सोना 500 से 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये से लेकर 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,160 रुपये से लेकर 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## कैप्टिव और वाणिज्यिक ब्लॉक से कोयला उत्पादन पहली छमाही में 32 फीसदी बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही एक अप्रैल, 2024 से 30 सितंबर, 2024 के दौरान पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि की तुलना में कैप्टिव और वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉकों से कोयला उत्पादन और प्रेषण में वृद्धि दर्ज हुई है। पहली छमाही में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 32 फीसदी बढ़ा है जबकि कोयला डिस्पैच में 34 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 32 फीसदी बढ़कर 79.72 मीट्रिक टन (एमटी) हो गया, जो बीते वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 60.52 मीट्रिक टन था। इसी तरह दोनों कोयला ब्लॉक से कोयला डिस्पैच में भी सालाना आधार पर 34 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है, जो बीते वित्त वर्ष की पहली छमाही के 65.37 मीट्रिक टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 87.86 मीट्रिक टन हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक कैप्टिव और वाणिज्यिक दोनों कोयला ब्लॉकों से कोयला उत्पादन और प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा सितंबर महीने में कोयला उत्पादन में 32 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 10.40 मीट्रिक टन से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 13.74 मीट्रिक टन हो गया है। इसी तरह सितंबर महीने में कोयला का प्रेषण सालाना आधार पर 47 फीसदी बढ़ा है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 9.68 मीट्रिक टन से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14.27 मीट्रिक टन हो गया है।

# कृषि वानिक योजना के किसानों को प्रोत्साहन राशि देकर किया गया प्रोत्साहित

चाणक्य भूमि बगहा



बिहार राज्य सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना ग्रीन बिहार को तवज्जो देने हेतु वन विभाग में कृषि वानिकी योजना के तहत किसानों को आर्थिक लाभ देकर प्रोत्साहन कर रही है। जिसके तहत आज पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार द्वारा पटना में जैसे ही अपने खेतों में पौधा लगाकर सुरक्षित करने वाले किसानों को प्रोत्साहन हेतु चेक समर्पित किया गया।उसके पश्चात नेट से जुड़कर कार्यक्रम में भाग ले रहे मदनपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा 2020-21 में मदनपुर वन क्षेत्र के नर्सरी से लेकर पौधा लगाने वाले किसानों को उनके पौधों के अनुसार डमी चेक देकर सीधे खाते में राशि का भुगतान किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में रेंजर सुनील कुमार को नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तरफ से मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया।सचिव निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि सरकार व वन विभाग के इस कदम से न केवल पर्यावरण समृद्ध होगा।बल्कि किसानों को बहुत आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी।जंगल की कटाई पर रोक लगेगा। स्वास्थ्य के साथ-साथ शुद्ध व स्वच्छ हवा भी लोगों को मिलेगा। कृषि वानिकी योजना बहुत ही उपयोगी है। वास्तव में यह किसानों को प्रोत्साहित कर खेतों में पौधारोपण कराने को बल मिलेगा।वास्तव में जिन किसानों ने वर्ष 2020-21 में मदनपुर वन क्षेत्र के नर्सरी से पौधा खरीद कर अपने खेतों में लगाकर उसकी सुरक्षा किए थे। उनको पौधे के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी गई।

प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वालों में दिग्विजय नारायण सिंह, निप्पू कुमार पाठक, ओमप्रकाश राव रामाशीष साहनी, परशुराम यादव, अजय पांडेय लक्की कुमारी , रविंद्र काजी आदि रहे। वहीं विजय कुमार पासवान,इरशाद अली,गुड्डू चौधरी , लक्ष्मण कुमार , वनकर्मी के आलावा, कुंदन कुमार, रविंद्र कुमार , रंजन कुमार, अंशु कुमारी वनरक्षी मौजूद रहे ।

# रॉयल इनफिल्ड की तरफ से लोन एवं एक्सचेंज मेला का शुभारंभ




चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया। इस दशहरा के शुभ अवसर पर रॉयल इनफिल्ड के डीलर मिश्रा ऑटोमोबाइल की तरफ से रॉयल इनफिल्ड ग्राहकों की सुविधा के लिये पेश किया गया है बेह्तरीन ऑफर जिसमे इस दशहरा आप ले जा सकेंगे न्यूनतम डाउन पेमेंट और ब्याज दर पर रॉयल इनफिल्ड गाड़ियां अपने घर।

साथ ही साथ आप पायेंगे अपनी पुरानी गाड़ियों का बेहतर मूल्य हमारे एक्सचेंज ऑफर में। तो फिर देर किस बात की आज ही पहुँचे रॉयल इनफिल्ड के डीलर मिश्रा ऑटोमोबाइल के नजदीकी शाखा में

हमारी पहली ब्रांच है छावनी चौक और दुसरी शाखा है मनसा टोला बेतिया में जहाँ से आप बुक कर सकते है रॉयल इनफिल्ड की कोई भी गाड़ी। तो फिर देर ना करें आज ही पहुँचे मिश्रा ऑटोमोबाइल में।

# चार दिनों से घर मे बंद कर महिला पर अत्याचार का मामला

चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया बस स्टैंड चौक निवासी मोहम्मद अमीर ने पिछले चार दिनों से अपनी पत्नी को घर मे बंद कर अत्याचार कर रहा था यही नहीं पीड़िता के अनुसार भोजन भी नहीं दिया जा रहा था। किसी तरह वह अपनी छत से पड़ोसियों के घर के रास्ते निकलकर अपनी जान बचाई और आसपास के लोगों को बताया कि मुझे मारा पीटा जा रहा है। चार दिनों से घर में कैद करके रखा गया है। इसके बाद पड़ोसियों ने घटना की जानकारी मेरी माता-पिता को दी। जब मेरे मां-पिता आए तो उन्हें भी सभी पकड़कर मारने पीटने लगा। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुझे और मेरी बेटी को अस्पताल में मिलकर भर्ती कराया।

नगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। दोनों ने अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया था। इलाज के बाद दोनों ने थाना पर आकर आवेदन दिया, लेकिन मामला समझाकर शांत करा दिया गया।






# सीमा माधोगढ़िया के नेतृत्व में वरिष्ठ महिला नागरिक का किया गया सम्मान



चाणक्य भूमि बेतिया

वरिष्ठ नागरिक दिवस के दिन राष्ट्रीय नारी शक्ति संगठन द्वारा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा माधोगढ़िया के नेतृत्व में शक्ति सेना द्वारा वरिष्ठ महिला नागरिक का सम्मान किया गया। समाज को डॉक्टर के रूप में अपना योगदान देने वाली डॉक्टर सरोज जयसवाल के साथ-साथ लाल बाजार की पन्ना बाई का सम्मान किया गया, साथ ही साथ शक्ति सेना में जितने भी बुजुर्ग महिला हैं सभी का सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर सीमा माधोगढ़िया ने कहा कि परिवार के वरिष्ठ छतरी की तरह होते हैं जो खुद कष्ट सहकर हमें हर परेशानियों से बचते हैं। वह हमारे घर के आंगन है जिन्हें कभी अलग नहीं किया जा सकता। हृदय से उनका सम्मान राष्ट्रीय नारी शक्ति संगठन की सभी शक्ति सेना करती है।

# शारदीय नवरात्र को ले अहिरवलिया में निकली कलश यात्रा



चा० भूमि मैनाटाड़

प्रखंड के अहिरवलिया गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर से शारदीय नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी ।इस दौरान गाजे-बाजे एवं हाथी घोड़े के साथ निकली कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र रहा। कुंवारी कन्यायें कलश लेकर करताहा नदी के तट पर पहुंची। जहां पर कलश में जल भरकर मां दुर्गा मंदिर वापस लौटीं। भक्तों के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजता रहा। जय माता दी, जय मां शेरावाली,मां दुर्गा की जय आदि जयघोष से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह से ही अहिरवलिया गांव में कलश यात्रा की तैयारी शुरू कर दी गयी थी । सब कोई उत्साह में था।मौके पर शंभू राम,रंजन कुमार ,पवन कुमार,संजय कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# शम्भु शरण पांडे ने आज उप विकास आयुक्त पदभार ग्रहण किया

चाणक्य भूमि मोतीहारी



शम्भु शरण पांडे ने आज उप विकास आयुक्त, पूर्वी चंपारण सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, पूर्वी चंपारण मोतिहारी के पद पर योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी शंभू शरण पांडे पुर्व मे अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी के पद पर छपरा मे पदस्थापित थे।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री पांडे ने बताया कि चंपारण की इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण धरती का नमन कर मैंने पदभार ग्रहण किया है। यहां के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिला में विकास के कार्यों को गति देने का प्रयास करूंगा।

उप विकास आयुक्त श्री शंभू शरण पांडे ने कहा कि जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सरकार की प्राथमिकता वाले क्षेत्र पर विशेष फोकस किया जाएगा। सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को समय रहते सभी के सहयोग से पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला में पूर्व में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। ज्ञातव्य है कि श्री पांडे इसके पहले अरेराज एवं चकिया अनुमंडल में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं।















# 1001 कन्याओ के साथ जलबोझी यात्रा हुआ संपन्न

चा० भूमि योगापट्टी



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के चौमुखा पंचायत के नंहकार गांव से नवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को कलश यात्रा निकाला गया | नंहकार देवी स्थान से प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी लगभग 1001कुआँरी कन्याओ ने गाजे बाजे के साथ जलबोझी के लिए नंहकार देवी स्थान से नंहकार स्थित कुट्टी मंदिर के पास नदी से जल बोझी यात्रा में शामिल हुई |जल बोझी के लिए सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं व पुरुष पंहुचे | जिसमे पंडितो द्वारा विधि विधान व वैदिक मन्त्रोंचच्चारण के साथ गंगा पूजन कर 1001 कुआँरी कन्याओ ने कलश में जल भरकर माई स्थान पंहुची | जहाँ जल को पूजा मंडप में विधि पूर्वक स्थापित किया गया | इसी क्रम में जिला पार्षद पुत्र बालिष्टर यादव, पंचायत समिति संतोष बैठा, नगर पंचायत पार्षद हृदय कुमार यादव, रामबिलाश पटेल, दिलीप साह और तमन पटेल के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि दुर्गा माई स्थान के परिसर में कई वर्षो से माँ दुर्गा का प्रतिमा स्थापित कर समस्त ग्रामीणों के सहयोग से पूजा अर्चना होते आ रहा हैं |

जिससे ग्रामीणों के अलावा स्थानीय नवयुवकों का भी काफ़ी सराहनीय योगदान रहता हैं इसी प्रकार बलुआ भवानीपुर पंचायत के गांव बलुआ देवराय में भी माई स्थान से कलश यात्रा निकाला गया |जिसमे गांव की कुआँरी कन्याए शामिल रहीं |वहीं मौके पर गांव के ग्रामीण संतोष राम, विनोद ठाकुर, बाड़ू संत और आदि लोग शामिल रहे |

# माले कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय में किया प्रदर्शन

चा० भूमि मैनाटाड़



भाकपा-माले के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं नें हाथों में लाल झंडा लिए सरकार की तानाशाही व गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोशपूर्ण मार्च करते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। मार्च और प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा माले नेता अच्छे लाल राम, सुभाषचन्द्र कुशवाहा, फरहान राजा, सीताराम राम ,लक्ष्मण राम ,शेख चांद, अब्दुल खैर आदि कर रहें थे।प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुये अंचल सचिव अच्छेलाल राम ने कहा कि आज का यह प्रदर्शन पिछले दो महीने से चल रहें हक दो- वादा निभाओ अभियान के तहत आज 95 लाख महा-गरीब परिवारों को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि के लिए 72 हजार रुपया से कम का आय प्रमाण-पत्र बनाने, भूमिहीन परिवारों को 5-5 डिसमिल आवासीय जमीन देने, सबको पक्का मकान और 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, मनरेगा में लूट-खसोट व फर्जी निकासी पर रोक लगाने, सभी मजदूरों को 200 दिन काम व 600 रूपये दैनिक मजदूरी देने, आँगनवाड़ी व राशन-किरासन वितरण में गड़बड़ी पर रोक लगाने के सवालों पर लोग आज आये है। उनहोंने कहा कि अब सरकार को तय करना है कि अपने खुद किया हुआ वादा पूरा करेगी या सत्ता से जायेगी। वहीं सुभाषचन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार गरीबों का खून चूसने वाली स्मार्ट मीटर का फरमान अविलम्ब वापस ले। जनता से वोट लेकर अडानी के कम्पनी को मालो माल करने का खेल अब नहीं चलेगा। वहीं फरहान राजा ने कहा कि भाजपा जदयू सरकार ने जो वादा किया वह पूरा नही कर रहीं हैं उल्टा इनके राज में दलित महादलित, महिला को सुरक्षित नहीं है। दलितों पर लगातार हमले हो रहें हैं, इस सामंती भाजपाई सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। मौके पर माले के सैकड़ों कार्यकर्ताओं मौजूद रहें।

# भारी गहमा-गहमी के बीच ईडीसी चुनाव रद्द

चा० भूमि वाल्मीकिनगर



वीटीआर वन प्रमंडल दो के गोनौली रेंज में वन विभाग के बड़े अधिकारियों के आदेश के आलोक में भेड़िहारी कंपार्ट वन कार्यालय में होने वाले ईको विकास समिति का चुनाव बुधवार को रद्द कर दिया गया। ईडीसी चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में थे। सभी उम्मीदवार अपने-अपने समर्थकों को वन कार्यालय के पास एकत्रित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, जिसके कारण देखते ही देखते 2000 की संख्या में ग्रामीण अपने-अपने उम्मीदवार को वोट करने के लिए एकत्रित हो गए। असामान्य भीड़ को देखते हुए वनपाल नवीन कुमार द्वारा इस चुनाव को अगले आदेश तक रद्द करने की घोषणा कर दी।

इस बाबत वनपाल नवीन कुमार ने बताया कि इस चुनाव में हंगामा होने के आसार बढ़ गए थे। ईडीसी के चुनाव के कुछ नियम होते हैं। जिसका पालन नहीं किया गया है। जिसके कारण बुधवार को होने वाले चुनाव को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। वरीय अधिकारियों द्वारा पुनः समय देकर इस चुनाव को संपन्न कराने का काम किया जाएगा।

वन प्रमंडल दो के गोनौली रेंज में आने वाला जंगल से सटे क्षेत्र भेड़िहारी ईडीसी अध्यक्ष चुनाव के लिए सबसे बड़ा क्षेत्र माना जाता है। इस क्षेत्र में लगभग 7 गांव आते हैं, जो जंगल क्षेत्र से सटे हैं। जिनमें मुख्य रूप से चकदहवा, झंडू टोला, बीन टोली, कान्ही टोला, भेड़िहारी कॉलोनी एवं भेड़िहारी थारू टोला सहित रोहुआ टोला शामिल है। इन गांवों के ग्रामीणों का कहना था, कि हम हाथ उठाकर चुनाव नहीं करेंगे। हम वोट डालेंगे। जो भीड़ के लिहाज से विभाग के लिए संभव नहीं था। जिसके कारण चुनाव को अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया।

वन विभाग द्वारा जंगल से सटे गांव में वन्य जीव वन संपदा एवं जंगल को आग से बचाने में विभाग का मदद करने के लिए एक विकास समिति का गठन किया जाता है। इस समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व उपसचिव का पद होता है। विभाग के वनपाल को पदेन सचिव होते हैं। ग्रामीणों की सहमति के अनुरूप अध्यक्ष को पुनः चुना जा सकता है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714